


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 03 : अंक : 323 | ग्वालियर, शुक्रवार 01 जनवरी 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8


## न्यूज़ ट्रैक

### पैरोल से 10 दिन पहले छूटा, 3 साल की बच्ची से रेप के बाद कर दिया मर्डर



**मुंबई।** रायगढ़ के पेन क्षेत्र में आदिवासी पाडा बडगांव इलाके में बुधवार तड़के ये वारदात हुई. बच्ची उस वक्त झुग्गी में सोई हुई थी. झुग्गी का कोई दरवाजा नहीं था. आरोपी की पहचान आदेश पाटिल के तौर पर हुई है जो 10 दिन पहले ही पैरोल पर छूटा था. आदेश पाटिल पर पहले से ही रेप, चोरी, हमला करने के आरोप हैं. रायगढ़ पुलिस की ओर से उसे एक बार तड़ीपार भी किया जा चुका है. पुलिस के मुताबिक, बच्ची को सोते हुए ही आरोपी उठा कर एक स्कूल के पीछे घने पेड़ों वाले इलाके में ले गया. बच्ची के साथ दरिंदगी के बाद उसकी हत्या कर दी गई. बच्ची की लाश को जब वो झुग्गी के पास छोड़ने गया तो बच्ची की दादी ने उसे देख लिया और शोर मचा दिया. लेकिन आरोपी मौके से भागने में कामयाब रहा. पुलिस ने वारदात के कुछ ही घंटे बाद पाटिल को पेन इलाके से ही गिरफ्तार कर लिया. पाटिल पर रेप, मर्डर और पाक्सो (प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन अगेंस्ट सेक्सुअल ऑफेन्सेस) एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है. इस वारदात के बाद से पूरे शहर के लोगों में रोष है. स्थानीय नेताओं ने पाटिल को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है. रायगढ़ की सामाजिक कार्यकर्ता वैशाली पाटिल ने महाराष्ट्र के गृह मंत्री के सामने ये मुद्दा उठाया और पाटिल के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने की मांग की है. साथ ही आरोपी को निर्भया केस की तरह सख्त सजा दिए जाने की मांग की है. वैशाली पाटिल ने ध्यान दिलाया कि रायगढ़ टूरिस्ट प्लेस है और बड़ी संख्या में हर वीकेंड पर मुंबई-पुणे से यहां लोग घूमने आते हैं. वैशाली पाटिल के मुताबिक बाहर से आने वाले लोग यहां बड़ी मात्रा में ड्रग्स भी लाते हैं, इस ओर शासन-प्रशासन को ध्यान देना चाहिए. वारदात पर नाराजगी जताने के लिए स्थानीय नेताओं ने गुरुवार को पेन में बंद रखने का एलान किया है.

### मछुआरे की बेटी अमेरिकी सरकार के खर्च पर पढ़ने जाएगी अमेरिका

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश की दो छात्राओं को अमेरिका में अमेरिकी सरकार के खर्च पर पढ़ाई का अवसर मिला है. कम्युनिटी कॉलेज इनीशिएटिव प्रोग्राम के तहत ये दोनों छात्राएं अपनी पसंद के विषय में आगे पढ़ाई के लिए अमेरिका रवाना हो रही हैं. इस प्रोग्राम के तहत स्टूडेंट्स के होने वाले खर्च को अमेरिकी विदेश विभाग स्पॉन्सर करता है. दोनों छात्राएं, बेहेरा मॉनिका और सोपेती हेमाश्री, अभी तक श्रीकाकुलम जिले के राजम में स्थित स्त्रष्टस्क्र कॉलेज में ग्रेजुएशन के सेकेंड ईयर में पढ़ाई कर रही थीं. इस कॉलेज को तस्र्क्रवारालक्ष्मी फाउंडेशन की ओर से संचालित किया जाता है. दोनों शीघ्र ही अपने मनपसंद कोर्स के लिए अमेरिका की उड़ान भरने वाली हैं. इस साल ष्टष्टढ्ढक्क में हिस्सा लेने के लिए इन दोनों छात्राओं का चयन हैदराबाद स्थित अमेरिकी कौंसुलेट जनरल ने किया. ष्टष्टढ्ढक्क सपोर्ट वाले छात्रों को एक साल के लिए अमेरिका के किसी कम्युनिटी कॉलेज में पढ़ने का मौका दिया जाता है. इस प्रोग्राम में स्टूडेंट्स की हवाई टिकट, बोर्डिंग, लॉजिंग, किताबों, मेडिकल सहायता जैसा सभी खर्च अमेरिकी सरकार की ओर से उठाया जाता है. इसके अलावा आकस्मिक खर्चों से निपटने के लिए स्टूडेंट्स को हर महीने स्टाईपेंड भी दिया जाता है.

### आरजेडी की जेडीयू को चुनौती

# अपने विधायक बचा सकते हो तो बचा लो

**पटना।** आरजेडी की तरफ से एक और बड़ा बयान आया है, जिसमें कहा गया है कि जनता दल यूनाइटेड में टूट होना तय है और पार्टी के विधायक पार्टी छोड़कर जल्द ही आरजेडी में शामिल होंगे. इस बार आरजेडी के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने यह बयान दिया है. मृत्युंजय तिवारी ने चुनौती दी है कि जनता दल यूनाइटेड में टूट होना तय है, जदयू अपने विधायकों को बचा सकती है तो बचा ले. दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को आरजेडी नेता श्याम रजक के उस बयान को बेबुनियाद बताया था जिसमें उन्होंने दावा किया था कि जनता दल यूनाइटेड के 17 विधायक उनके जरिए आरजेडी के संपर्क में हैं और जल्द ही पार्टी में शामिल होंगे. नीतीश कुमार के इसी दावे पर मृत्युंजय तिवारी ने कहा है कि जनता दल यूनाइटेड में टूट होना तय है.

मृत्युंजय तिवारी ने कहा, मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि जनता दल यूनाइटेड में नहीं होगी टूट, मगर सहयोगी ने अरुणाचल में उनके विधायकों को लिया लूट. अब किस मुंह से नीतीश कुमार कह रहे हैं कि बिहार में



उनकी पार्टी नहीं टूटेगी. जनता का साथ पहले ही नीतीश कुमार से छूट गया है. अब जल्द ही उनकी पार्टी में भी टूट होगी. नीतीश कुमार ने बिहार में आरजेडी के 5 एमएलसी को तोड़ा था, जिसका बदला बीजेपी ने अरुणाचल में ले लिया. जदयू अब बचने वाली नहीं है। इससे पहले आरजेडी नेता उदय नारायण चौधरी ने नीतीश कुमार को ऑफर देते हुए कहा था कि अगर वह बिहार में तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बना देते हैं, तो 2024 में तमाम विपक्षी दल उन्हें प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनाने पर विचार कर सकते हैं.

## जीतन राम मांझी की बीजेपी को नसीहत- ऐसी गलती दोबारा ना हो



**नई दिल्ली।** जेडीयू में सियासी उठापटक को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने बीजेपी को आड़े हाथों लिया है. नीतीश कुमार के समर्थन में उतरे पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में जो हुआ वह स्वच्छ राजनीति का तकाजा नहीं है. बीजेपी नेतृत्व से अनुरोध है कि ऐसी गलती दोबारा ना हो पाए, इसका ख्याल रखें. आगे जीतन राम मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार को कमजोर समझने वालों को शायद नहीं पता है कि ॥रूमजबूती से उनके साथ है. बता दें कि अरुणाचल प्रदेश में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के 6 विधायकों को बीजेपी में शामिल कराने के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बीजेपी से काफी नाराज हैं. अरूणाचल प्रदेश में जो हुआ वह स्वच्छ राजनीति का तक़ाज़ा नहीं है। नेतृत्व से अनुरोध है कि ऐसी गलती दोबारा ना हो पाए इसका ख़्याल रखें। जी को कमजोर समझने वालों को शायद नहीं पता है कि ग्॥रूमज़बूती से उनके साथ है। नीतीश कुमार ने कहा था कि उन्हें मुख्यमंत्री बनने की कोई भी लालसा नहीं थी. विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद उन्होंने बीजेपी से साफ कह दिया था कि जनता ने फैसला दे दिया है, कोई भी मुख्यमंत्री बने, चाहे तो बीजेपी का ही मुख्यमंत्री बने.

### कैसे दी जाएगी कोरोना टीकाकरण को लेकर जानकारी, सरकार ने जारी की रणनीति

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को कोरोना वायरस टीकाकरण से संबंधित कम्युनिकेशन रणनीति जारी की जिसमें आशंकाओं को दूर कर टीके की स्वीकार्यता सुनिश्चित करने के लिए सही और पारदर्शी सूचना उपलब्ध कराने की बात कही गई है। इस 88 पन्नों के दस्तावेज में देश के सभी राज्यों में सभी लोगों को कोविड-19 टीकों और टीकाकरण की प्रक्रिया के बारे में सूचना उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय कम्युनिकेशन गतिविधियों के बारे में व्यापक जानकारी उपलब्ध कराई गई है।

## कोरोना के नए अवतार को लेकर महाराष्ट्र सरकार सतर्क, सामना ने लिखी ये बात

**नई दिल्ली।** कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर महाराष्ट्र सरकार भी चिंतित है. नए वेरिएंट के प्रसार को रोकने के लिए महाराष्ट्र सरकार सख्त कदम भी उठा रही है. गुरुवार को शिवसेना के मुखपत्र सामना में इसी विषय को लेकर संपादकीय लिखा गया है. संपादकीय में लिखा है- ब्रिटेन में मिले कोरोना के नए रूप के कारण दुनिया भर के देशों की नींद उड़ गई है. नया रंग-रूप लेकर आया कोरोना का यह दूसरा अवतार पहले वाले वायरस की अपेक्षा ज्यादा भयानक और महासंहारक है. गंभीर बात ये है कि कोरोना का यह नया स्ट्रेन हिंदुस्तान में प्रवेश कर चुका है. सरकार ने घोषित किया है कि ब्रिटेन से लौटे यात्रियों के माध्यम से हिंदुस्तान में सूक्ष्म रूप से प्रवेश करनेवाले नए कोरोना वायरस से अब तक 20 लोग संक्रमित हो चुके हैं. साल भर से परेशान कर देने वाले कोरोना के कारण देश की जनता पहले से ही खौफ में थी और अब नए वायरस की खबर विचलित कर देनेवाली है. संपादकीय में कहा गया है कि पिछले सप्ताह ब्रिटेन में कोरोना का यह नया अवतार मिला. यह वायरस पहले के वायरस की अपेक्षा 70 प्रतिशत अधिक संहारक है. इस वायरस का संक्रमण पहले की तुलना में तीव्र गति से हो रहा है. केवल संक्रमण ही नहीं, बल्कि ब्रिटेन में मरीजों की मृत्यु की संख्या भी बढ़ गई है. हालांकि, अप्रैल महीने के पश्चात धीरे-धीरे ब्रिटेन के मरीजों की संख्या और मरनेवालों की संख्या कम होती जा रही थी. सिर्फ 10 दिन पहले पहली बार एक ही दिन में 39 हजार मरीजों की पुष्टि और 744 लोगों की मौत का आंकड़ा ब्रिटेन में दर्ज किया गया था. लगातार दूसरे दिन भी संक्रमित मरीजों और मृत्यु के आंकड़े का रिकॉर्ड रहा. इससे ब्रिटेन में हाहाकार तो मचा ही लेकिन सारी दुनिया हिल गई. ब्रिटेन की यह धक्कादायक जानकारी सामने आने के बाद केंद्र सरकार ने तत्काल निर्णय लेते हुए 31 दिसंबर तक ब्रिटेन आने-जानेवाली हवाई यात्राओं पर रोक लगा दी थी. हालांकि, रोक लगाने के पहले के 8-15 दिनों में जो लगभग 30 हजार यात्री ब्रिटेन से हिंदुस्तान आए थे, उनमें से कुछ यात्रियों द्वारा इस घातक वायरस का संक्रमण हिंदुस्तान में हो ही गया. ब्रिटेन से पिछले दिनों यहां आए यात्रियों को ढूंढकर उनकी अत्याधुनिक तरीके से जांच करने का काम स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने हाथ में लिया है. उनमें से कोरोना पॉजिटिव पाए गए कुछ मरीजों में कोरोना का नया स्ट्रेन भी मिला है. संपादकीय में कहा गया है कि मंगलवार की शाम तक कोरोना के नए वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या 6 थी. बुधवार दोपहर को यह आंकड़ा 20 के ऊपर पहुंच गया. इसलिए हड़बड़ाकर जागी सरकार ने ब्रिटेन आने-जानेवाली



हवाई यात्राओं पर लगी रोक 31 जनवरी तक बढ़ा दी है. ब्रिटेन से आए यात्रियों में ही नहीं, बल्कि उनके संपर्क में आए लोगों के भी पॉजिटिव मिलने से पहले से ही चुनौती बनी हुई है, जिससे स्वास्थ्य विभाग पर नए प्रकार की चुनौती आन पड़ी है.

### क्कमें पाकिस्तानी महिला बन गई ग्राम प्रधान, अधिकारियों ने पद से हटाया, जांच शुरू

**एटा।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले में एक पाकिस्तानी महिला के ग्राम प्रधान बनने का मामला सामने आया है। इस बारे में जानकारी मिलते ही पदाधिकारियों ने महिला को पद से हटा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।अधिकारियों ने बताया कि एक 65 वर्षीय पाकिस्तानी नागरिक को अंतरिम ग्राम प्रधान के पद से हटा दिया गया है। महिला जिले के जलेसर गांव की प्रधान थी। 40 साल पहले भारतीय नागरिक से शादी होने के बाद कराची से एटा आई महिला लॉन्ग टर्म वीजा पर भारत में रह रही थी। उसने कई बार भारतीय नागरिकता हासिल करने के लिए आवेदन भी दिया था। इस घटना के संबंध में जिला पंचायती राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि मजिस्ट्रेट सुखलाल भारती ने जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि निवार्चन के लिए एक पाकिस्तानी नागरिक बानो बेगम को आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज कैसे मिल गए और वह ग्राम पंचायत सदस्य के रूप में चुन भी ली गई। इतना ही नहीं, बाद में वे अंतरिम ग्राम प्रधान भी बनी।

### दिल्ली दंगे कराने में उमर खालिद ने आग में घी का किया काम, रची थी साजिश; पुलिस की चार्जशीट से खुलासा

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में भड़के साम्प्रदायिक दंगों के मामले में दिल्ली पुलिस ने कथित मानव अधिकार कार्यकर्ता एवं पूर्व छात्र नेता उमर खालिद के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र (चार्जशीट) दाखिल किया है। इन लोगों ने शाहीन बाग में उसी जगह पर मुलाकात की जहां एक समुदाय विशेष की महिलाओं ने दिसंबर 2019 से लेकर मार्च 2020 तक नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ धरना दिया था। उमर खालिद पर आरोप है कि इसी दौरान उसने मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार व महाराष्ट्र में उस-उस जगह धरना प्रदर्शन में हिस्सा लिया, जहां नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन चल रहा था।

पुलिस ने आरोपपत्र में बताया है कि दो सम्प्रदायों के बीच वैमन्षय फैलाने एवं दंगे कराने में उमर खालिद ने आग में घी का काम किया। उसने देश विरोधी बयानबाजी की। इन दंगों मे 53 लोगों को अपनी जान से हाथ गंवाना पड़ा, जबकि दो सौ से ज्यादा लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए। कड़कड़डूमा अदालत में दाखिल 100 पन्नों के आरोपपत्र में पुलिस ने कहा है कि उमर खालिद, खालिद सैफी व आप के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन ने शाहीन बाग में 8 जनवरी 2020 को मुलाकात की और वहां दंगों की साजिश रची।




ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है

सम्पर्क करें

जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश

फोन: 0751-4901403

मो. 7879637585, 8770253710

Website-www.pushpanjalitoday.com

Email.- pushpanjalitoday@gmail.com


## कोयला तस्करी मामले में सीबीआई नेता के घर टीएमसी की छापेमारी, बीजेपी का ममता बनर्जी के भतीजे पर निशाना

**कोलकाता।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने गुरुवार को कोयला तस्करी मामले में चल रही जांच के सिलसिले में कारोबारी और युवा तृणमूल कांग्रेस के नेता विनय मिश्रा, व्यवसायी अमित सिंह और नीरज सिंह के तीन आवासों पर छापे मारे। हालांकि, छापे के दौरान कोई भी घर पर मौजूद नहीं था। मिश्रा समेत अन्य के नाम पर नोटिस जारी किए गए हैं, जिसमें सभी से 4 जनवरी को कोलकाता स्थित सीबीआई दफ्तर में पूछताछ के लिए उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। इस मामले में यह आरोप लगाया गया है कि अवैध रूप से खनन किए गए कोयले, जिसकी कीमत कई हजार करोड़ रुपये है, को पश्चिम बंगाल के पश्चिमी हिस्सों से चलाए गए एक रैकेट द्वारा कई वर्षों तक ब्लैक मार्केट में बेचा गया है। इस मामले में, दिसंबर के शुरुआती हफ्तों में सीबीआई ने कोलकाता के सीए गणेश बगारिया के दफ्तर में भी छापा मारा था।

सितंबर में जांच शुरू होने के बाद से, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) आरोप लगाती रही है कि बिक्री से प्राप्त पैसे को शेल कंपनियों के जरिए से सफेद किया गया और सत्ताधारी पार्टी (टीएमसी) को दिया गया। बीजेपी ने यह भी आरोप लगाया है कि मुख्य फायदा अभिषेक बनर्जी जोकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे हैं, उन्हें हुआ है। बता दें कि अभिषेक बनर्जी टीएमसी की युवा विंग के अध्यक्ष भी







हैं और 15 जुलाई को उन्होंने मिश्रा समेत 15 महासचिवों की नियुक्ति की थी।

केंद्रीय पुलिस बल के जवानों के साथ सीबीआई की टीमों ने गुरुवार को आरोपियों के तीन अपार्टमेंट्स पर एक साथ छापा मारा। सीबीआई अधिकारियों ने छापेमारी में क्या मिला, इसकी जानकारी देने से इनकार कर दिया। हालांकि, एक अधिकारी ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि पासवर्ड लगे हुए कई लैपटॉप्स, डॉक्युमेंट्स मिश्रा के घर से जब्त किए गए हैं।

**फरार है मुख्य संदिग्ध लाला**–इस मामले में मुख्य संदिग्ध अनूप माझी उर्फ लाला फरार है और जांच एजेंसी द्वारा पहले ही एक लुकआउट नोटिस जारी किया जा चुका है। नवंबर में, सीबीआई ने माझी द्वारा कथित रूप से चलाए जा रहे 36 दफ्तरों पर छापा मारा और आसनसोल में ईसीएल मुख्यालय में जांच भी की। सीबीआई की टीमों ने गुरुवार को हुगली जिले के कोननगर में अमित सिंह और नीरज सिंह के आवासों पर भी छापा मारा। यह आरोप लगाया गया है कि मिश्रा और सिंह के भाई-बहन बांग्लादेश तक गायों की तस्करी में भी शामिल हो सकते हैं। इस मामले की भी सीबीआई साल 2018 से जांच कर रही है। सीमा सुरक्षा बल के दो कमांडेंट अब तक इस मामले में गिरफ्तार किए जा चुके हैं और कई और भी जांच के दायरे में हैं।

**बीजेपी ने टीएमसी पर बोला हमला**–सीबीआई की छापेमारी के बाद बीजेपी ने टीएमसी पर हमला बोला है। पूर्व मंत्री और ममता के खास नेताओं में से एक रहे और अब बीजेपी में शामिल हो चुके शुभेंदु अधिकारी ने ट्वीट किया, यह भतीजे की सक्षम लीडरशिप में टीम मेंबर्स की सच्ची तस्वीर है। उन्होंने टीएमसी को अलग स्तर पर ले जाने के लिए क्या शानदार टीम बनाई है। ट्वीट में उन्होंने अभिषेक बनर्जी का जिक्र भतीजे के रूप में किया है। बता दें कि टीएमसी से अलग होने के बाद से ही अधिकारी लगातार टीएमसी और ममता बनर्जी पर हमला बोल रहे हैं।

## एक नजर....



### उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर के नंदी हॉल में नए साल में 2 जनवरी तक प्रवेश वर्जित

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश में उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में बढ़ती दर्शनार्थियों की संख्या को देखते हुए बुधवार से 2 जनवरी तक मन्दिर के नन्दी हॉल में प्रवेश वर्जित रहेगा। बेरिकैडिंग से महाकालेश्वर के दर्शन होंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, नववर्ष के आगमन से पहले ही महाकालेश्वर मन्दिर में दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसे देखते हुए महाकालेश्वर मन्दिर प्रबंध समिति की आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि 30 और 31 दिसंबर तथा 1 और 2 जनवरी को दर्शनार्थियों को बेरिकैड्स से दर्शन करवाये जाएंगे। कलेक्टर एवं महाकालेश्वर मन्दिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष आशीष सिंह ने बताया कि समिति के इस निर्णय का कड़ाई से पालन करवाने के निर्देश दिये गए हैं। मन्दिर में दर्शन के लिए ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था जारी रखते हुए प्रत्येक दो घंटे के स्लॉट में 3500 दर्शनार्थी बुकिंग करा सकेंगे। दर्शन व्यवस्था का समय सुबह 6 से रात्रि 10 बजे तक करने का निर्णय लिया गया है।

### अमेरिकन कॉल सेंटर के नाम पर किया फर्जीवाड़ा, कोर्ट ने सुनाई 5 साल की सजा



**भोपाल।** तकनीकी के इस युग में फर्जीवाड़े भी अब अलग तरह से होने लगे हैं। शहर में घटी इस घटना में कुछ लोगों ने अमेरिका के एक कॉल सेंटर के नाम पर कुछ अमेरिकी नागरिकों से ठगी को अंजाम दिया। लेकिन इस बुरे काम का नतीज़ा भी बुरा मिला। दरअसल, मामले के अनुसार 29 अगस्त 2018 के पूर्व श्रीधर मोहिनी परिसर में फ्लैट में फर्जी कॉल सेंटर के माध्यम से कुछ अमेरिकी नागरिकों के साथ लोन रिकवरी एवं वारंट द्वारा की गई वित्तीय ठगी किए जाने की शिकायतें मिली थीं। दो साल बाद इसी मामले में फैसले की घड़ी में न्यायाधीश चन्द्र मोहन उपाध्याय ने पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गए पांच अभियुक्तों को अदालत ने 5 साल की जेल और 1 लाख 15 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक मंजू जैन सिंह ने बताया कि पुलिस ने ठगी के इस मामले में जांच के बाद अभिषेक पाठक, रामपाल सिंह, श्रवण कुमार मौर्य, शुभम गीते, सौरभ राजपूत तथा मो . फरहान को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ चालान अदालत में पेश किया था। अब कोर्ट ने गवाहों और सबूतों के आधार पर अदालत ने उन्हें दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

### अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को लेकर इंदौर में वाहन रैली पर पथराव, 27 लोग गिरफ्तार, इलाके में पुलिस तैनात



**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** अयोध्या में राम जन्मभूमि पर मंदिर के निर्माण को लेकर इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निकाली गई वाहन रैली पर पथराव और उपद्रव के मामले में 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार के इस घटनाक्रम में कम से कम पांच लोग घायल हो गए थे। पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी क्षेत्र) महेशचंद्र जैन ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर चांदनखेड़ी गांव में वाहन रैली पर पथराव के मामले में 23 लोगों को बलवा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि चार अन्य व्यक्ति भारतीय दंड विधान की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उपद्रव के दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गोलीबारी का आरोप भी लगाया है। इस दौरान एक व्यक्ति के पैर में गोली लगी थी। उन्होंने बताया कि पथराव और उपद्रव को लेकर दोनों पक्षों की शिकायत पर कुल चार आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें से दो मामलों में आरोपी अज्ञात हैं, जिनकी पहचान की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि करीब 1,400 की आबादी वाले चांदनखेड़ी गांव में वाहन रैली पर पथराव की सूचना मिलने पर वहां मंगलवार को ही भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। यह रैली अयोध्या में राम जन्मभूमि पर मंदिर के निर्माण को लेकर जनजागरण के लिए निकाली जा रही थी। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने चांदनखेड़ी और इसके आस-पास के इलाकों में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिया है। आदेश के मुताबिक, इन इलाकों में पांच या इससे अधिक व्यक्तियों का समूह सक्षम दंडाधिकारी की अनुमति के बिना जमा नहीं हो सकेगा।

### क्लास में सीट पर बैठने के विवाद में साथी ने की हाईस्कूल के छात्र की गोली मारकर हत्या

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के कोतवाली शिकारपुर क्षेत्र में स्कूल में सीट पर बैठने के विवाद को लेकर दसवीं के छात्र ने चाचा की लाइसेंसी पिस्टल से साथी छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद स्कूल में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। घटना से पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, शिकारपुर स्थित सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के कक्षा 10 के छात्र टार्जन (15 वर्ष) पुत्र रवि निवासी गांव आचर कला का दसवीं कक्षा के छात्र से सीट पर बैठने को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि आरोपी छात्र अपने चाचा की लाइसेंसी पिस्टल स्कूल बैग में रखकर लेकर आया था और उसने पिस्टल से कक्षा में साथी छात्र को दो गोली मार दी। एक गोली सीने में और दूसरी गोली सिर में लगी। घायल छात्र टार्जन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हत्या के बाद स्कूल में दहशत का माहौल बन गया। स्कूल प्रशासन ने घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए स्कूल की छुट्टी कर दी। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छात्र टार्जन के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गायत्री प्रजापति के ऑफिस से 11 लाख रुपए के पुराने नोट बरामद

# 80 संपत्तियों के दस्तावेज भी मिले

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने बुधवार को प्रदेश के पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के लखनऊ, अमेठी व कानपुर स्थित उनके और उनके करीबियों के सात ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापे मारे। ईडी ने कानपुर में उनके चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) के ठिकाने पर छापा मारकर तलाशी ली। छापों में 80 संपत्तियों के दस्तावेज बरामद हुए हैं। साथ ही उनके लखनऊ स्थित ऑफिस से 11 लाख रुपये के पुराने नोट भी बरामद हुए हैं।
ईडी ने लखनऊ में बिजनौर रोड स्थित गायत्री के बेटे की कंपनी के आफिस, हैवेलक रोड स्थित गायत्री के आवास, अमेठी स्थित गायत्री और उनके एक करीबी के आवास पर छापा मारा। इन ठिकानों पर जांच की कार्रवाई देर रात तक जारी रही। गायत्री के के आफिस से 1.5 लाख रुपये नकद बरामद हुआ, जबकि 11 लाख रुपये के पुराने प्रतिबंधित किए जा चुके नोट भी बरामद हुए। अनिल ने काला धन सफेद करने की नीयत से कई मुखौटा कंपनियां बनाई थीं। इसी तरह अमेठी स्थित गायत्री के घर पर भी ईडी ने छापा मारा। साथ ही गायत्री के बेहद करीबी रहे उनके एक ड्राइवर के ठिकाने की भी तलाशी ली गई। इस ड्राइवर के नाम पर करोड़ों की बेनामी संपत्तियां खरीदी गई हैं। ईडी की जांच में सामने आया है कि गायत्री ने अपने कई ऐसे करीबियों के नाम पर संपत्तियां खरीदी हैं, जिनकी खुद की माली हालत बेहद खराब है। वे गायत्री के यहां ड्राइवर या घरेलू नौकर के रूप में काम कर रहे थे। ईडी इससे पहले गायत्री प्रजापति और उनके बेटों के अलावा कई ऐसे लोगों से पूछताछ कर चुकी है, जिनके नाम पर संमत्तियों का लेन-देन हुआ है। गायत्री प्रजापति वैसे तो रेप के एक मामले में जेल में हैं लेकिन वह खनन घोटाले समेत कई अन्य आपराधिक मुकदमों में भी नामजद हैं। खनन घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई भी उनसे लंबी पूछताछ कर चुकी है। सीबीआई के मुकदमे को ही आधार बनाकर ईडी ने प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था।



**वर्ष 2017 से जेल में हैं प्रजापति**–गायत्री प्रजापति रेप से संबंधित एक मुकदमे में मार्च 2017 से ही जेल में हैं। पिछले दिनों उन्हें हाईकोर्ट से जमानत मिली थी, जो बाद में सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो गई थी। इस बीच उनके एक पूर्व मैनेजर बृज भवन चौबे ने भी उन पर लखनऊ में ही एक मुकदमा दर्ज कराया। इसमें गायत्री पर जान से मारने की धमकी देने और जबरन संपत्तियां हड़पने का आरोप है। बृज भवन ने ईडी से भी उनकी शिकायत की थी। उन्होंने ईडी को गायत्री की बेनामी संपत्तियों की जानकारी भी दी थी।

## अयोध्या के लिए विकास का तैयार होगा नया मॉडल

**लखनऊ।** यूपी सरकार अयोध्या के विकास का नया मॉडल तैयार कराने जा रही है। इसके लिए विश्व स्तरीय सलाहकार को नियुक्त किया जाएगा। आवास विभाग ने रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी किया है। विश्व स्तरीय सलाहकार द्वारा अयोध्या के विकास का जो मॉडल तैयार किया जाएगा आवास विभाग उसके आधार पर विकास प्राधिकरण के माध्यम से काम कराएगा।

**अयोध्या कोर सिटी होगी 31.5 वर्ग किमी में**–अयोध्या विकास क्षेत्र तो वैसे 873.37 वर्ग किमी में होगा। इसका मास्टर प्लान 133.67 वर्ग किमी का बनाया जा रहा है, लेकिन कोर सिटी 31.5 वर्ग किमी में होगा। इसमें वह सभी सुविधाएं दी जाएंगी, जिससे अयोध्या आने वाले इसकी खूबियों का बखान न करते थके। इसके आधार पर मॉडल प्लान तैयार कराया जाएगा। इसमें कहां क्या होगा इसके लिए आरक्षित कराया जाएगा, जिससे अयोध्या को नए रूप में बसाया जा सके। मुख्यमंत्री के समक्ष आवास विभाग इसके लिए प्रस्तुतीकरण कर चुका है। उनके निर्देश पर विश्व स्तरीय सलाहकार की नियुक्ति की जा रही है।



**परियोजना के आधार पर डीपीआर बनेगा**–आवास विभाग ने प्रारंभिक रूप से 10 परियोजनाओं को चिह्नित किया है। इसके आधार पर डीपीआर बनाया जाएगा। पर्यटन विकास, जल आपूर्ति, जल निकासी और वर्षा जल संचयन, सौर ऊर्जा विकास, सीवरेज और सेनिटेशन, उपचारित अपशिष्ट का पुन: उपयोग, स्मार्ट सड़कों सहित सड़क सुधार, आपदा जोखिम न्यूनीकरण परियोजनाओं और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का काम होगा।

**1200 एकड़ में होगा ग्रीनफील्ड टाउनशिप**–अयोध्या में 1200 एकड़ में ग्रीनफील्ड टाउनशिप का विकासित किया जाएगा। अयोध्या को ग्लोबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। पारंपरिक स्वास्थ्य से संबंधित सुविधाएं विकसित की जाएंगी। आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। विरासत और वास्तुकला को संरक्षित किया जाएगा। अयोध्या को सड़क, रेल और वायु सेवा से जोड़ा जाएगा।

### लखनऊ-गोरखपुर इंटरसिटी ट्रेन 4 जनवरी से फिर चलने लगेगी

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे ने यात्रियों की मांग पर लखनऊ से गोरखपुर के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को बहाल करते हुए चार जनवरी से संचालन शुरू करने का निणर्य लिया है। सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह बताया कि ट्रेन नंबर 02531 गोरखपुर से रोजाना तड़के 5:45 बजे चलकर लखनऊ 11:10 बजे पहुंचेगी। वापसी में 02532 लखनऊ जंक्शन से शाम 04:05 बजे चलकर गोरखपुर रात 09:30 बजे पहुंचेगी। ट्रेन का ठहराव सहजनवा, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर, गोंडा, करनैलगंज, बाराबंकी और बादशाहनगर स्टेशनों पर होगा।
डीआरएम ने जाना सच- वहीं लखनऊ मंडल से जुड़े रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं परखने और विकास कार्यों को देखने बुधवार को डीआरएम ने दौरा किया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक संजय त्रिपाठी ने लखनऊ-उन्नाव-डलमऊ-रायबरेली रेलखंड का निरीक्षण करते हुए रेलवे के आधुनिकीकरण, नवीनतम यात्री सुविधाओं, विभिन्न विकास कार्यों एवं परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया।

### सिर्वी साख सहकारी संस्था मर्यादित की वार्षिक बैठक सम्पन्न



प्रेस -नारायणलाल सैणचा

बड़वानी/म.प्र- आज के इस शुभ दिन के अवसर पर सिर्वी इंटरनेशनल स्कूल करी,बड़वानी की धन्यधरा पर सिर्वी साख सहकारी संस्था की वार्षिक बैठक कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें अखिल भारतीय सिर्वी महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष श्री कैलाश मुक़ाती,पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष मनोहरलाल मुक़ाती,वर्तमान कोषाध्यक्ष कालूराम लछेटा,क्षत्रिय सिर्वी समाज धार जिला अध्यक्ष टीकम पंवार,बड़वानी जिला अध्यक्ष दिनेश चौधरी,जिला महासचिव गोविंद भायल सर,सिर्वी साख सहकारी संस्था के अध्यक्ष शेखर जी भायल की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न की गई। सर्वप्रथम वार्षिक बैठक का शुभारंभ जगत जननी श्री आई माताजी व ज्ञान की देवी माँ शारदे के चित्र पर माल्यार्पण व दिप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। सिर्वी साख सहकारी संस्था के अध्यक्ष शेखर भायल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सिर्वी साख का वार्षिक आय-व्यय बजट लिखित व मौखिक रूप से प्रस्तुत किया गया,साथ ही साथ सिर्वी साख सहकारी संस्था की स्थापना का उद्देश्य उद्बोधन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया,साथ ही सिर्वी इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य विनोद परमार ने सिर्वी इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक बजट साथ ही सिर्वी स्कूल व सिर्वी साख के परस्पर आपसी सामंजस्य कार्य के ऊपर प्रकाश डालते हुए उन्होंने समाज के पदाधिकारियों को अवगत कराया। उद्बोधन की इसी कड़ी में सभी पदाधिकारियों के द्वारा सिर्वी साख व सिर्वी स्कूल के लिए उन्होंने अपने विचार व्यक्त किए साथ ही उन्होंने अपने व्यक्तव्य में कहा कि समाज के लिए यह एक अग्रणी पहल है,जिसके माध्यम से हमारा समाज शिक्षा के साथ ही साथ अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से सशक्त व मजबूत बनेगा। इस अनूठी पहल में समाज के प्रत्येक व्यक्ति को बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहिए। इसी दौरान वार्षिक बैठक में समाज के विभिन्न गाँवो के समाज बंधु,बैंक के सदस्य गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार सिर्वी साख सहकारी संस्था के कोषाध्यक्ष प्रकाश चौधरी के द्वारा किया गया।

### आजमगढ़ में दो घंटे के अंतराल पर दूसरी हत्या, किसान की धारदार हथियार से हमलाकर जान ली

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** आजमगढ़ में गुरुवार की सुबह दो घंटे के अंतराल पर दूसरी हत्या कर दी गई। मेंहनगर कस्बा के तहसील के पास गुरुवार की सुबह 65 वर्षीय किसान की अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी। घटना का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। किसान का उसके पड़ोसी से भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ हो रही है। सीओ लालगंज मनोज रघुवंशी सहित पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। इससे पहले दीदारगंज थाना क्षेत्र के सुरहन गांव निवासी प्रधान के देवर राकेश सिंह की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। गुरुवार की सुबह गांव के बाहर सड़क के किनारे उसका शव मिला। बुधवार की शाम वह मित्र के साथ जौनपुर स्थित एक ढाबे पर दावत में गया था। घटना से आक्रोशित लोगों ने गांव के पास सड़क जाम कर दी। एसपी ग्रामीण के आश्वासन पर तीन घंटे बाद जाम समाप्त हुआ। पुलिस रुपये के देन लेन में हुए विवाद को हत्या का कारण बता रही है। मेंहनगर कस्बा के जवाहर नगर निवासी 65 वर्षीय बालचंद पुत्र मनई का तहसील के पास खेत है। खेत पर नलकूप है। गुरुवार को नलकूप पर गन्ना की पेराई हुई थी। बालचंद का भतीजा विजय व अजय ट्रैक्टर से गन्ना की खोई लेकर घर जा रहे थे। पीछे से बालचंद साइकिल से जा रहा था। रास्ते में अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर बालचंद की हत्या कर दी। उसका शव सड़क किनारे देख रास्ते से जा रहे मुहल्ले के एक व्यक्ति ने परिजनों को जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। बालचंद को लेकर सीएचसी मेंहनगर पहुंचे।

नए साल के पहले दिन यूपी में बारिश के आसार

## घने कोहरे व पाले की भी चेतावनी

**लखनऊ।** नए साल की शुरुआत प्रदेश में बारिश और ठिठुरन भरी ठण्ड से होने के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आगामी एक व दो जनवरी को पश्चिमी यूपी में कुछ स्थानों पर बारिश होगी या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ेंगी। अगले चौबीस घण्टों के दौरान पूरे प्रदेश में कहीं घना तो कहीं बहुत घना कोहरा छाया रह सकता है। इस दरम्यान शीतलहर के प्रकोप की वजह से कहीं-कहीं पाला भी पड़ने की आशंका है। बीते चौबीस घण्टों के दौरान प्रदेश का सबसे ठण्डा स्थान रायरबेली फुर्सतगंज रहा जहां रात का पारा 3.6 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। बरेली में रात का तापमान 3.7 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि अयोध्या में यह 4 डिग्री सेल्सियस और बांदा में 5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मुजफ्फगर, आगरा व अलीगढ़ में भी रात का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज हुआ। इस अवधि में गोरखपुर, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, झांसी, आगरा मण्डलों में रात का तापमान सामान्य से कम रहा। बुधवार को राजधानी लखनऊ और आसपास के इलाके में धूप निकली मगर दिन में भी सर्द हवा की वजह से गलन बनी रही। शाम होते ही ठण्ड का असर और गहरा गया। झांसी, आगरा, मेरठ, प्रयागराज मण्डलों में दिन का तापमान सामान्य से कम रहा।



### वसूली के चक्कर में युवक की मौत पर बवाल, तोड़फोड़, पुलिसकर्मियों को पीटा, चौकी फूंकी

आगरा। आगरा में ताजगंज क्षेत्र में कलाकृति के निकट कैला कोल्ड स्टोरेज के पास गुरुवार को पुलिस की अवैध वसूली ने एक युवक की जान ले ली। गांव करभना का युवक ट्रैक्टर में बालू लेकर आ रहा था। पुलिस ने पीछा किया तो युवक ने यू टर्न लिया। ट्रैक्टर पलटने से उसके नीचे दबकर युवक की मौत हो गई। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और बवाल शुरू हो गया। ग्रामीणों ने तोड़फोड़ शुरू कर दी और तोरा पुलिस चौकी में आग लगा दी। पुलिस पर पथराव किया। पुलिसकर्मियों को घेरकर पीटा। घटना सुबह करीब सवा ग्यारह बजे की है। करभना निवासी 22 वर्षीय पवन यादव ट्रैक्टर-ट्रॉली में बालू लेकर गांव से आ रहा था।




VISION 2030
ग्वालियर शहर में पहली बार हर सेवा और वस्तु बहुत ही सस्ती
जियो रीचार्ज एक माह 199 वाला केवल 180 में।
आइडिया और एयरटेल का रीचार्ज केवल 225/- में 249 वाला।
किराना का सामान सबसे सस्ता।
HOME TUITION का डेमो फ्री वो भी 15 दिन।
केक केवल 180/- में फ्री HOME DELIVERY के साथ।
टिफिन सेंटर खाना बिल्कुल घर जैसा।
ऐसे ही 5 लाख प्रोडक्ट्स और 50 से ज्यादा सेवाएँ
बस एक कॉल या वॉट्सएप्प, हर सेवा आपके पास।
Only WHATSAPP 9425823988
call-9691937250/- 9516003221



# किसान विरोधी बिल के विरोध में 12 को जन आक्रोश रैली गोहद में

## पूर्व मंत्री ने किसान विरोधी बिल की कमियां गिनाई कार्यकर्ताओं को

गोहद, भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा लाए गए किसान विरोधी बिल के विरोध में जहां पूरे भारत में किसान विरोधी बिल का विरोध किसान कर रहा है अब उसका विरोध जिला और तहसील स्तर पर भी होना प्रारंभ हो चुका है 12 जनवरी को दोपहर 12-00 बजे गोहद चौराहे से गोहद नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नए बस स्टैंड अंबेडकर पार्क के सामने किसान आक्रोश रैली ट्रैक्टरों से निकाल कर विरोध प्रदर्शन कर एक सभा का आयोजन होगा कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मंत्री लहार विधायक डॉक्टर गोविंद सिंह गोहद विधायक मेवाराम जाटव सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जन आक्रोश रैली में किसानों को संबोधित करेंगे



गोहद चौराहा स्थित कांग्रेस कार्यालय पर प्रदेश के पूर्व मंत्री डॉक्टर गोविंद सिंह के मुख्य आतिथ्य में आज हुई बैठक में डॉक्टर गोविंद सिंह ने कार्यकर्ताओं को बताया कि भाजपा सरकार द्वारा जो किसान विरोधी बिल पास किया गया है उसके विरोध में किसान आक्रोशित है कृषि बिल को वापस लिए जाने की मांग पूरे भारत में चल रही है इस बिल के माध्यम से किसानों का शोषण होगा किसान आने वाले समय में बहुत परेशान होगा व्यापारियों को लाभ होगा और किसान परेशान हो जाएगा किसान विरोधी बिल भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने व्यापारियों से सांठगांठ कर बनाया है इस बिल से किसान पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगा और व्यापारी मालामाल हो जाएगा उन्होंने बैठक में कार्यकर्ताओं से कहा कि 12 जनवरी को जन आक्रोश रैली निकालकर किसान विरोधी बिल को वापस लिए जाने की मांग की जाएगी इसके लिए दूरदराज ग्रामीण अंचल से किसान ट्रैक्टरों पर बैठकर जन आक्रोश रैली में भाग लेंगे इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक मेवाराम जाटव ने कहा कि किसान आक्रोशित है किसान को किसान विरोधी बिल को वापस लिए जाने की मांग को लेकर यह आक्रोश रैली का आयोजन किया जा रहा है गोहद विधानसभा क्षेत्र से लगभग दस हज़ार से अधिक किसान आक्रोश रैली में भाग लेगे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा नगर कांग्रेस अध्यक्ष विजय उर्फ टोनी मुद्गल आशीष गुर्जर गोपाल पचौरी अजय सिंह भदोरिया उर्फ गुड्डू उमेश काकर जनपद सदस्य देवी सिंह तोमर महाराज सिंह तोमर मोहन सिंह सिकरवार संग्राम सिंह तोमर कुलदीप गुर्जर राजकुमार देशलहरा साबू खान सरदार मलकीत सिंह सरदार रविंदर सिंह डॉ धर्मवीर दिनकर नरोत्तम चौरसिया राजीव कौशिक शिवचरण जयंत केशव देसाई हरेंद्र सिंह जादौन गंभीर निगम एडवोकेट गणेश राम सरपंच शर्मा राधाकृष्ण दीक्षित रामहेत जाटव प्रदीप त्रिवेदिया सुमित त्रिवेदिया रवि कुशवाह डॉ बी पी गुर्जर इमरान खान लखपत सिंह तोमर इत्यादि भारी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे जहां युवक कांग्रेस कांग्रेस सेवादल एनएसयूआई और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को किसान आक्रोश रैली की जवाबदारी सौंपी गई

## एक नजर....

### मेवाराम जाटव विधायक को मिला बंगला पूर्व विधायक रणवीर जाटव के बगल वाला



गोहद। उपचुनाव में निर्वाचित कांग्रेस के विधायक मेवाराम जाटव को गोलंबर तिराहा स्थित पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में आवास आवंटित हुआ हैआवास पूर्व विधायक रणवीर जाटव के बगल वाला बंगला आवंटित किया गया है आज कार्यकर्ताओं के साथ विधायक मेवाराम जाटव ने पहुंचकर अपने नवीन बंगले का अवलोकन किया और बताया कि आने वाले समय में विधानसभा क्षेत्र की जनसमस्याओं के लिए एक व्यक्ति बंगले पर 24 घंटे उपलब्ध रहेगा जो जन समस्याओं को नोट कर मुझे अवगत कराएगा और बाद में मैं उन समस्याओं के निराकरण के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से उस समस्या को निराकृत करआऊंगा इस अवसर पर उनके साथ कांग्रेस कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे



### किशुन मोदी के सेवा निवृत्ति पर हुआ विदाई समारोह का आयोजन

मऊरानीपुर (झाँसी) नगर के टीकमगढ बस स्टैण्ड स्थित कुशवाहा मैरिज हॉल में जल संस्थान विभाग में बडे बाबू के पद पर अपनी सेवायें दे रहे कृष्ण कुमार मोदी (किशुन मोदी) के सेवा निवृत्ति पर विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर के समाजसेवी, राजनैतिक पार्टी के नेतागण, पत्रकार बन्धु आदि लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिसमें समस्त लोगों के द्वारा उनके जल संस्थान की तैनाती कार्यकाल की काफी सराहना की गयी। साथ ही उनको माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कृष्ण कुमार मोदी जी को लोगों का स्नेह जोरदार देखने को मिला। जिसमें लोगों ने आकर उनको माला पहनाकर और उपहार भेंट कर जोरदार उनका सम्मान किया। साथ ही अपने -अपने वक्तव्य से उनके कार्यकाल की काफी सराहना करते हुये उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें दी। इसके बाद विदाई पार्टी का आयोजन हुआ। मंचासीन में डॉ. बी. डी. मोदी, सुनील दुबे, प्रमोद श्रीवास, जेई ओमप्रकाश पटेल, राधारमन कठिल रहे। इस मौके पर अखिलेश सेठ, नरेन्द्र दमेले, राकेश सेठिया, चिन्तामन श्रीवास पार्षद, सुधीर जैन पत्रकार, विश्वपति पहारिया, पं. भगवत नारायण खेवरिया, डॉ. संजय मोदी, पत्रकार सौरभ भार्गव के साथ मोदी परिवार एवं जल संस्थान स्टाफ के समस्त आदि सैकडों लोग शामिल रहे।

### सपाईयों के द्वारा पुष्पाजंलि के आयोजन करने की लोकबन्धु की पुण्यतिथि पर सपाईयों ने किया पुष्पांजलि कार्यक्रम



मऊरानीपुर (झाँसी) समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष डॉ. उमेश खरे के हॉस्पिटल पर लोक बंधु स्वर्गीय राजनारायण जी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुये उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुये विचार मंथन किया गया। तथा समाजवादी विचारधारा को जन जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर राकेश पहलवान , चाँद राईन, पुष्पेन्द्र यादव भिटौरा, मनीष यादव, मोनू चौधरी, रामकिशोर भटनागर ,गौरव चौधरी, डॉ. प्रशान्त चतुर्वेदी, जावेद मंसूरी, संतोष सेठ, धर्मेन्द्र सोनी, राहुल श्रीवास, राजू ओमरे, हेमन्त यादव आदि समाजवादी पार्टी के लोग उपस्थित रहे।

### दिव्यांगों को निःशुल्क हुये उपकरण वितरित

मऊरानीपुर (झाँसी) भारत सरकार की योजनांतर्गत झाँसी में अलिम्को कानपुर और सीएससी ई गवर्नेस सर्विसेज ई. लि. झाँसी टीम द्वारा जिले के अन्तर्गत दिव्यांगों का निःशुल्क पंजीयन करने के उपरान्त उनका असेसमेंट कैंप आयोजित कर पात्र लाभार्थियों का चयन किया गया। इसके बाद चयनित लाभार्थियों को उनके अनुरुप सहायक उपकरण का वितरण मऊरानीपुर में किया गया। जिसमें सभी दिव्यांगों को सम्बोधित किया गया। और बधाई दी गयी। तत्पश्चात उपकरणों का वितरण किया गया। जिन्हें वितरित किया गया और मुख्य रुप से ट्राई साइकिल, फोल्डिंग व्हील चेयर, बीटीई (कान की मशीन), वैशाखी, मोटराइजड ट्राई साईकिल, वाकिंग स्टिक, रोलेटर एवं कृत्रिम अंग बाँटे गये। 31 दिसम्बर 2020 को मऊरानीपुर विकास खण्ड में कैंप का आयोजन किया गया। जहाँ 154 लाभार्थियों को उपकरण वितरित किये गये। कार्यक्रम के दौरान अलिम्को की पूरी यूनिट और सीएससी झाँसी जिला प्रबन्धक अभिमन्यु शर्मा , शमीर खान व जिला समन्वयक आजम अली, केन्द्र संचालक राघवेन्द्र प्रजापति, अनिल डेंगरे, रविन्द्र समाधिया, संदीप राजपूत, देशराज कुशवाहा, जयप्रकाश सेन और रोहित कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### सद्गुरु नेत्र जाँच केन्द्र का शुभारम्भ 4 को

मऊरानीपुर (झाँसी) गरौठा चौराहा के पास मऊरानीपुर में सद्गुरु नेत्र जाँच केन्द्र चित्रकूट का मऊरानीपुर में राष्ट्रीय अन्धत्व निवारण कार्यक्रम के अन्तर्गत निवारण हेतु सद्गुरु नेत्र जाँच केन्द्र का शुभारम्भ 4 जनवरी सांयकाल 6 बजे किया जायेगा। यह उक्त जानकारी नेत्र परीक्षण प्रभारी भगवत नारायण मोर ने दी।

### अभद्रता के साथ मारपीट का मामला दर्ज

मऊरानीपुर (झाँसी) कल्लू विश्वकर्मा पुत्र दिलीप विश्वकर्मा निवासी धानो, जिला टीकमगढ, हाल निवासी मथुपुरा ने कोतवाली प्रभारी को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि मुन्नू सिंह पुत्र भुमानी सिंह निवासी मथुपुरा के द्वारा बिना वजह गाली गलौच करते हुये मारपीट की गयी। प्रार्थी ने कोतवाली पुलिस से कठिन से कठिन कानूनी कार्यवाही करने की माँग की। जिस पर कोतवाली पुलिस ने मामला धारा 323, 504 आईपीसी के तहत पंजीकृत कर लिया।

### 6.60 लीटर कच्ची शराब बरामद, मामला दर्ज

मऊरानीपुर (झाँसी) आवकारी निरीक्षक रोशन लाल ने लता कबूतरी पत्नी सुनील कबूतरा निवासी देवरी सिंहपुरा डेरा के कब्जे से 40 लीटर व रामवती पत्नी दीपक कबूतरा निवासी देवरी सिंहपुरा डेरा के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। जिस पर कोतवाली पुलिस ने मामला धारा 60 एक्स एक्ट के तहत पंजीकृत कर लिया।

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल

मऊरानीपुर (झाँसी) सडक दुर्घटना में तीन व्यक्ति घायल हो गये। प्राप्त विवरण में द्वारिका प्रसाद (45) पुत्र हल्के निवासी लिधौरा, ज्योति (20) पुत्री रामस्वरुप निवासी नौगाँव, माया (35) पत्नी खेमचन्द्र निवासी नौगाँव को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया । ज्योति एवं माया की हालत में सुधार न होने पर झाँसी रिफर कर दिया गया।

### दो व्यक्तियों ने विषाक्त पदार्थ पिया

मऊरानीपुर (झाँसी) अज्ञात कारणों के चलते दो व्यक्तियों ने विषाक्त पदार्थ पी लिया। प्राप्त विवरण में हिमाँशु चतुर्वेदी पुत्र राजेश चतुर्वेदी निवासी जलसंस्थान मऊरानीपुर, पार्वती (52) पत्नी मुरलीधर निवासी धौर्रा को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया ।

## प्यार तो भगवान का स्वरूप होता हैः चतुर्वेदी

### काव्य गोष्ठी में कवियों ने लूटी वाहवाही, हुआ सम्मान

**दौसा( अर्पित गुप्ता)।** दिनांक 31 दिसंबर 2020 को की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय कवि चौपाल, दौसा की 38 वीं काव्य गोष्ठी का आयोजन पंचायत समिति,दौसा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दौसा की रसोई के संस्थापक मनोज राघव थे। अध्यक्षता विनोद गौड़ ने की। काव्य गोष्ठी में सम्मान की अगली कड़ी में कड़ी में अगली कड़ी में कड़ी में कुमार धर्मी को ÷राष्ट्रीय कवि चौपाल सम्मान एवं गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। साथ ही कोरोना काल मे अच्छी सेवा के लिए मुख्यातिथि मनोज राघव को भी संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नवल घुणावत की पुस्तक किस ओर का लोकार्पण भी किया गया। सभी ने एक से बढ़कर एक रचना सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। जिनमें सलमान सिकंदराबादी ने- मेरा ब्याह तो 30 साल पहले हो गया हास्य कविता



सुनाई, जाकिर हुसैन- ने गजलें सुनाई, रानू गोठवाल ने-सरस्वती वन्दना के साथ ही, मन करता है गीत लिखूं मैं,रवीन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने- प्यार प्रभु का स्वरूप होता हैशेर सुनाएं। शिवचरण भंडाना ने-हर व्यक्ति की खुशहाली का तुम संदेश सुनाओ,राजेन्द्र यादव आजाद ने- छात्रों ने अपनी एकता कुछ यू दिखाई, रोडवेज बसों की होली जलाई, विनोद गोड़ ने-याद तुम भी करो श्याम सिंह बेवजह ने-गलतियां हो तो बताया करो अनुराग प्रेमी ने -कश्मीर तेरी याद आती है÷दिनेश कुमार प्रजापत ने -आने दो नया साल फिर से नव इतिहास रचाएंगे रामेश्वर प्रसाद करुण ने-पत्नियों पर हास्य कविता सुनाई कुमार धर्मी ने-कहां गया वह दौर गांव की शोभा बाढ़ हुआ करती थी मूलचंद पांचाल ने-बोल कड़वी सदा बदनाम किया करती है नवल घुणावत ने-÷टूटते हैं असंख्य धागे व पुलिस व पत्नी पर हास्य कविता सुनाई। कवि कृष्ण कुमार सैनी ने - ÷शहीदों की शहादत का जरा सम्मान लिख देना सुनाई । काव्य गोष्ठी का संचालन शिवचरण भंडाना ने किया। राष्ट्रीय कवि चौपाल, दौसा के जिलाध्यक्ष कवि कृष्ण कुमार सैनी ने सभी अतिथियों एवं रचनाकारों का हार्दिक आभार प्रकट किया साथ ही सभी ने एक-दूसरे को अंग्रेजी नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी।

## ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में 2 जनवरी से चलेगा विशेष सफाई अभियान

**ग्वालियर।** 16 ग्वालियर पूर्व से कॉग्रेस विधायक डॉ. सतीष सिंह सिकरवार के नेतृत्व में 2 जनवरी 2021 से ग्वालियर पूर्व विधानसभा में विषेश सफाई अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान चुनाव में मिले जनसमर्थन के लिये आमजन के प्रति विधायक डॉ. सिकरवार आभार व्यक्त करेंगे। यह जानकारी विधायक डॉ. सिकरवार ने देते हुये बताया कि पार्टी कार्यकर्ता प्रातः 10 बजे झांसी रोड थाना के सामने एकत्रित होंगे, वहां से सफाई अभियान प्रारम्भ होकर पारस विहार, न्यू पारस विहार, देवनगर, बजरंग नगर, गली नं. 5,6,7,8 में चलेगा। इसी तरह 3 जनवरी 2021 को नाकाचन्द्रवदनी तिराहा से प्रारम्भ होकर पुरूवियों का मौहल्ला, गली नं.1, गड्डा वाला मौहल्ला, गली नं. 2,3,4 में सफाई अभियान चलेगा। डॉ. सिकरवार ने बताया कि 4 जनवरी 2021 को नाकाचन्द्रवदनी तिराहा से गड्डा वाला मौहल्ला, प्रजापति मौहल्ला, लभेडपुरा, प्यारेलाल मेम्बर साहब की गली तक सफाई अभियान चलाया जायेगा। इसी प्रकार 5 जनवरी 2021 को डॉ. पोतदार आमखो के यहां से विजय नगर, षिवाजी नगर तक सफाई अभियान चलेगा। इस अभियान में बडी संख्या में कॉग्रेस कार्यकर्ता जुडेंगे और सफाई का कार्य करेंगे। डॉ. सिकरवार सफाई अभियान में आमजन से मुलाकात कर उनके द्वारा चुनाव में दिये गये समर्थन के प्रति आभार व्यक्त करेंगे। कॉग्रेस नेता अवधेष कौरव, विजय बहादुर त्यागी, प्रेमसिंह तोमर, मिक्की तोमर, संजय तिवारी, डिम्पल भदौरिया, सुरेष प्रजापति, गंगाराम प्रजापति, दिनेष पाराषर, भगवान सिंह जादौन, नरेन्द्र राजावत, छोटू मण्डेलिया, राकेष श्रीवास, बबलू खरे, सुरेन्द्र साहू, दीनू कुषवाह, मयंक झा को सफाई अभियान का तारीखवार दायित्व सौंपा गया है।

## भाजपा ओबिसी मोर्चा ने मुख्यमंत्री गहलोत का पुतला फूंका विकास नहीं कराने के आरोप



**पाली।** प्रदेश में कांग्रेस सरकार के दो साल पूरे होने पर भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ की तरफ से विरोध दिवस मनाया गया इस दौरान भाजपा के प्रमुख पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने अपने हाथों पर काली पट्टी बांधी तथा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुतला फूंककर उनके खिलाफ नारेबाजी भी की सूरजपोल के अंबेडकर चौराहे पर किए गये विरोध प्रदर्शन के दौरान विधायक ज्ञानचंद पारख ने आरोप लगाया कि सरकार ने दो साल में प्रदेश के विकास के लिए कुछ नही किया घोषणा पत्र में किए गये वादों को पूरा करने में मुख्यमंत्री पूरी तरह से विफल रहे। इस दौरान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष भंवरलाल चौधरी जिला उपाध्यक्ष हेमंत चौधरी गादाणा जिला महामंत्री परमेंद्रसिंह परिहार महेन्द्र बोहरा बहादुर सिंह उमेद बंजारा रामलाल चौहान तरूण सिंह खीमसिंह भाटी शांतिलाल वैष्णव दीपक सोनी समेत कई पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुधांशु त्रिपाठी 4 को भिण्ड में



भिण्ड- अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव एवं भिण्ड जिले के मुख्य पर्यवेक्षक एवं प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी दिनांक 4 जनवरी सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। और जिलाध्यक्ष जयश्रीराम बघेल के नेतृत्व में आयोजित बैठक में मुख्यतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कांग्रेस प्रवक्ता अनिल भारद्वाज ने बताया श्री त्रिपाठी 4 जनवरी 2021 को दोपहर 12 बजे भारोली रोड स्थित तक्षशिला मैरिज गार्डन में जिला कांग्रेस,सभी ब्लॉक अध्यक्ष गण मंडल अध्यक्ष,युवा कांग्रेस,एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, आईटीसेल, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कांग्रेस, अनुसूचित जाति मोर्चा,किसान कांग्रेस के समस्त पधादिकारी, विधायक, पूर्व विधायक, जिला, जनपद, नगरपालिका, नगरपरिषद के निर्वाचित प्रतिनिधियों सहित सभी कार्यसमिति के पदाधिकारी , समस्त कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेस से अपनी दावेदारी कर रहे पार्षद,एवं अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों की भी उपस्थित अत्यंत आवश्यक है । सभी ब्लॉक अध्यक्ष अपनी कार्यकर्णीय अवश्य रूप से लाए।

## पुलिस लाइन सभागार में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारीगण को दी गयी भावभीनी विदाई

पुलिस लाइन सभागार पर जिलाधिकारी एटा श्री सुखलाल भारती तथा एसएसपी एटा द्वारा पुलिस विभाग में निरन्तर सेवा प्रदान करते हुये अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर दिनांक- 31.12.2020 को सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को भावभीनी विदाई दी गयी। इस



अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस विभाग के कर्मचारीगण से उनका परिचय प्राप्त करते हुये, कर्मियों से सेवाकाल के अनुभव के विषय में जानकारी की गयी। विदाई समारोह में शॉल व माला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर पुलिसकर्मियों को विदाई दी गई तथा उनके सुखद एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना की गयी। समारोह के अन्त में सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों से भविष्य में किसी भी समस्या, शिकायत अथवा सहायता के लिए निःसंकोच होकर अपनी बात रखने के लिए बताया गया। दिनांक -31.12.2020 को सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण का विवरण निम्नवत् है

1- पुलिस उपाधीक्षक श्री राम निवास सिंह पुत्र श्री जयपाल सिंह निवासी मल्लू का नगला जनपद फरुखाबाद।

2- उ0नि0 लिपिक श्री राजेन्द्र पुत्र श्री नोहबत सिंह निवासी मकान नम्बर 12 राधापुरम थाना गोविंदनगर जनपद मथुरा।

3- उ0नि0 श्री रामदरश पुत्र श्री सुदर्शन निवासी ग्राम नवली थाना गोलबाजार जनपद गोरखपुर।

4- उ0नि0 श्री शीशपाल पुत्र श्री गंगाराम निवासी खाजपुर थाना नोहझील मथुरा।

5- उ0नि0 श्री कर्मवीर सिंह पुत्र श्री हरिपाल सिंह निवासी वेदरामपुर थाना पहासू जिला बुलंदशहर।

6- उ0नि0 श्री सुरेश चंद पुत्र श्री तुलाराम निवासी जाटोई थाना गढ़उमराब जिला बुलंदशहर।

7- उ0नि0 श्री मोहन सिंह पुत्र श्री खचेर सिंह निवासी कचनाऊ थाना बलदेव जिला मथुरा।

8- मुख्य आरक्षी श्री सजवीर सिंह पुत्र श्री भवर सिंह निवासी गजू थाना राया जिला मथुरा।

9- मुख्य आरक्षी श्री रघुवीर सिंह पुत्र श्री होती लाल निवासी सैवनपुर थाना इगलास जिला अलीगढ़।

10- आरक्षी श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री गोकल सिंह निवासी कटक थाना दादौ जिला अलीगढ़।

विकलांग बल मध्यप्रदेश, श्योपुर के जिलाध्यक्ष एवं पुष्पांजली टुडे न्यूज़ के जिला ब्यूरो चीफ विनोद पाठक जी को जन्मदिन की



हार्दिक शुभकामनाएं

निवेदक- सोनू गोयल, कोषाध्यक्ष, विकलांग बल, श्योपुर

दैनिक पुष्पांजली टुडे



## सम्पादकीय

# नए कोरोना की चिंता

भारत में कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन से पीड़ित मरीजों का मिलना जितना दुखद है, उतना ही चिंताजनक भी। मंगलवार दोपहर तक करीब सात मरीज मिल चुके थे, जो ब्रिटेन से आए हैं। सबसे पहले ब्रिटेन में मिला वायरस का नया स्वरूप अब भारत के अलावा डेनमार्क, हॉलैंड, ऑस्ट्रेलिया, इटली, स्वीडन, फ्रांस, स्पेन, स्विट्जरलैंड, जर्मनी, कनाडा, जापान, लेबनान और सिंगापुर में भी मिल चुका है। 25 नवंबर से 23 दिसंबर की आधी रात तक ब्रिटेन से भारत आए करीब 33,000 लोगों की जांच की जा रही है, उनके संपर्क में आए तमाम लोगों को भी जांचा जा रहा है। संदिग्धों को खोज-खोजकर सामान्य आबादी से अलग किया जा रहा है, तो यह बहुत जरूरी है। इसमें तो खैर अब शक की कोई बात ही नहीं है कि स्वयं नागरिक स्तर पर कोरोना को बहुत चलताऊ ढंग से लिया गया है। इस बीमारी को अभी भी बहुत से लोग सहजता से ले रहे हैं, तो इससे असहज कोई बात हो नहीं सकती। हालांकि, कमी केवल भारत के स्तर पर नहीं है, उस ब्रिटेन का भी कम दोष नहीं है, जहां चिकित्सा व्यवस्था को चाक-चौबंद माना जाता है, लेकिन तब भी वहां से कोरोना का नया स्ट्रेन लिए लोग दूसरे देशों के लिए यात्रा पर निकले हैं। क्या ब्रिटेन में पूरी जांच के बगैर ही लोगों को यात्रा की इजाजत दी जा रही है? क्या भारत में भी ऐसा ही किया जा रहा है? काश! भारत में कोरोना जांच सही ढंग से होती, तो एयरपोर्ट से बाहर किसी मरीज को बगैर मंजूरी पैर रखने की हिम्मत नहीं पड़ती। एकाधिक मामले हैं, जब मरीज एयरपोर्ट पर जांच करवाते हैं और रिपोर्ट आने से पहले ही रेलमार्ग से अपने गंतव्य के लिए निकल पड़ते हैं। क्या हम पढ़े-लिखे, पर बेहद लापरवाह दौर में जी रहे हैं? कहां हैं, वे नियम-कायदे, जो कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए बनाए गए थे? 70 फीसदी अधिक तेजी से फैलने वाले इस कोरोना स्ट्रेन से भी लोगों को डर नहीं लगता? बहुतों के लिए यह राहत की खबर होगी कि वैक्सीन से इस नए कोरोना स्ट्रेन से भी लड़ना संभव है, लेकिन हम क्यों भूल जाते हैं कि अभी टीकाकरण भारत में शुरू भी नहीं हुआ है। टीका आने से पहले ही अगर नया कोरोना वायरस फैला, तो क्या होगा? वैसे भी टीका लगते ही तत्काल सुरक्षा कवच हासिल हो जाता हो, ऐसा भी नहीं है। सावधानी, चौकसी, जांच, संक्रमण का पीछा करने और उसकी श्रृंखला तोड़ने की जरूरत अब ज्यादा बढ़ गई है। अभी चिंता वैक्सीन की नहीं, बड़ी चिंता कोरोना के नए विस्तार को रोकने की है। देश भूला नहीं है, 10 सितंबर के आसपास ऐसा लगा था कि भारत में प्रतिदिन एक लाख से अधिक लोग संक्रमित होने लगेंगे, लेकिन सावधानी और चौकसी की वजह से ही संक्रमण में एक चौथाई से भी ज्यादा कमी आई। हम अब ऐसी स्थिति में पहुंच रहे हैं, जहां कोरोना पर नियंत्रण करके उसके संक्रमण के आतंक से बहुत हद तक मुक्त हो सकते हैं, लेकिन तभी एयरपोर्ट जैसे विकसित सार्वजनिक स्थलों से लापरवाही का सामने आना सारी उम्मीदों पर पानी फेरने लगता है। तमाम हवाईअड्डों पर हमेशा के लिए ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि कोई भी किसी संक्रामक बीमारी के साथ देश की आम आबादी में न आ सके। ठंड के इस मौसम में अभी भी एक बड़ी आबादी कोविड-19 को लेकर अतिसंवेदनशील है और लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है।

# नेपाल का सत्ता संघर्ष और चीन

संजीव पांडेय

ओली को इस बात की पीड़ा भी साल रही है कि जिस चीन के इशारे पर उन्होंने भारत से सीमा विवाद को भड़काया और नेपाल के राजनीतिक मानचित्र में बदलाव कर भारत से संबंध खराब कर लिए, वही चीन अब प्रचंड के साथ है। आप कह सकते हैं कि दो नेताओं के हाथ तो जरूर मिले थे, पर दिल नहीं मिले थे। दो नेताओं के दिल नहीं मिलने के कारण इन दिनों नेपाल में गंभीर राजनीतिक संकट खड़ा हो गया है। अपनी ही पार्टी के नेता पुष्प कमल दहाल प्रचंड से परेशान हो नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने संसद (प्रतिनिधि सभा) भंग कर दी। अब अगले साल अप्रैल-मई में आम चुनाव होंगे। इधर संसद भंग करने की ओली की सिफारिश को नेपाल सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। पांच जजों का संविधान पीठ मामले की सुनवाई शुरू कर चुका है। दरअसल, ओली का प्रतिनिधि सभा संसद भंग करने का फैसला 2015 में लागू हुए नए संविधान को भी चुनौती है।

इस नए संविधान में प्रतिनिधि सभा का कार्यकाल पांच साल तय किया गया है। प्रतिनिधि सभा भंग किए जाने संबंधी प्रधानमंत्री की सिफारिश के अधिकार पर नेपाल में बहस हो रही है। कुछ संविधान विशेषज्ञों के अनुसार प्रधानमंत्री के पास संसद भंग करने की सिफारिश करने का अधिकार नहीं है। अगर कोई सरकार अल्पमत में आए तो संसद भंग करने के बजाए नई सरकार के गठन का प्रयास होना चाहिए। जबकि कुछ विशेषज्ञों के अनुसार संविधान में राष्ट्रपति को संसद भंग करने का अधिकार है, बशर्ते प्रधानमंत्री विश्वास मत खो दें। केपी शर्मा ओली और प्रचंड के बीच सता को लेकर संघर्ष शुरू से चला आ रहा है। इसका नुकसान नेपाल के लोकतंत्र और वामपंथी आंदोलन को हुआ है। दोनों वामपंथी नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप भी हैं।

2017 में हुए चुनाव में ओली के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) और प्रचंड के नियंत्रण वाली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी) के बीच चुनावी समझौता हुआ था। लेकिन चुनावी गठबंधन की बातचीत के दौरान ही दोनों नेता एक दूसरे को काट रहे थे। प्रचंड और ओली के बीच चुनावी गठबंधन होने के बाद ओली की पार्टी ने साठ फीसद सीटों पर चुनाव लड़ा था। चालीस फीसद सीटों पर प्रचंड की पार्टी के उम्मीदवार खड़े हुए थे। लेकिन चुनावों में प्रचंड की पार्टी को ओली की पार्टी से गठबंधन के बावजूद वह सफलता नहीं मिली जो ओली की पार्टी को मिली। ओली की पार्टी ने अपने हिस्से की सत्तर फीसद सीटें जीत ली। प्रचंड की पार्टी अपने हिस्से की तीस फीसद सीटें ही जीत पाई। 2017 के इन चुनाव परिणामों ने साफ संकेत दे दिए थे कि ओली और प्रचंड के बीच समझौते के बावजूद सत्ता को लेकर संघर्ष है।

मई, 2018 में प्रचंड और ओली के नेतृत्व वाली दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों का विलय हो गया। इस विलय ने यह संकेत दिया था कि वामपंथी आंदोलन अभी दुनिया से गायब नहीं हुआ है। नेपाल के दोनों वामपंथी धड़ों का विलय भारत के लिए अच्छा संकेत नहीं था, क्योंकि इन दोनों वामपंथी दलों का चीन से काफी जोरदार तालमेल था। दरअसल विलय भी चीन की रणनीति का परिणाम था। चीन की नीतियों का असर नेपाल में स्पष्ट नजर आने लगा था। बाद में यह और मजबूत हुआ। यही



कारण है कि इन दिनों नेपाल की राजनीति में चीनी हस्तक्षेप साफ दिख दिख रहा है। बीते कुछ महीनों में जब ओली और प्रचंड के बीच विवाद गहरा गया गया था तो उसे दूर करने के लिए काठमांडो में तैनात चीन की राजदूत होउ यानकी ने ही प्रयास किए। वे खुल कर नेपाल के आंतरिक मामलों में दखल देती रहीं। इसके बावजूद चीन नेपाल के कम्युनिस्ट नेताओं की व्यक्तिगत महत्त्वाकांक्षा और लोभ को रोकने में विफल रहा है। प्रचंड और ओली के बीच टकराव पार्टी के विलय के वक्त भी देखने को मिला था। संगठन में हिस्सेदारी को लेकर दोनों नेताओं के बीच तनाव पैदा हो गया था। उस वक्त प्रचंड को महसूस हुआ था कि ओली उन्हें पार्टी में हाशिये पर रखेंगे और उनकी पार्टी के काडरों को जगह नहीं मिलेगी।

ओली के प्रति प्रचंड का शक कोई गलत नहीं था, क्योंकि ओली प्रधानमंत्री के साथ-साथ पार्टी का नेतृत्व भी छोड़ना नहीं चाहते थे। जबकि प्रचंड की इच्छा थी कि ओली ढाई साल के लिए प्रधानमंत्री का कार्यकाल उनके लिए छोड़ दें। दोनों पार्टियों के विलय के वक्त दोनों नेताओं के बीच नई पार्टी की सेंट्रल कमेटी और स्थायी समिति में सदस्यों की संख्या में हिस्सेदारी को लेकर भी गतिरोध साफ नजर आ रहा था।

ओली महत्त्वपूर्ण कमेटियों में प्रचंड की हिस्सेदारी कम करने की कोशिश कर रहे थे। प्रचंड दोनों कमेटियों में बराबरी का हिस्सा मांग रहे थे। ओली ने आखिरकार प्रचंड की मांगों को माना, क्योंकि वे प्रधानमंत्री पद नहीं खोना चाहते थे। विलय के बाद नई पार्टी की सेंट्रल कमेटी में प्रचंड ने अच्छी हिस्सेदारी हासिल कर ली और संगठन में अपनी स्थिति मजबूत करते गए। नेपाल का सत्ता संघर्ष चीन के लिए शुभ संकेत नहीं है। नेपाल में मौजूद चीनी राजदूत होउ यानकी पिछले कई महीनों से ओली और प्रचंड के बीच मध्यस्थता की कोशिश कर रही हैं, लेकिन उन्हें अब तक सफलता नहीं मिल पाई है।

इस साल मई में एकबारगी लगा था कि ओली की कुर्सी जा सकती है। पर तब होउ यानकी ने ही ओली की कुर्सी बचाई थी। इसके बाद नवंबर में भी जब दोनों नेताओं के बीच तनाव बढ़ा तो यानकी ने ही बीच-बचाव किया। नेपाल के ताजा संकट के दौरान भी वे नेपाल की राष्ट्रपति से मिलीं। कहा जा रहा है कि ओली अभी चीन से नाराज हैं, इसलिए उन्होंने संसद भंग करने की सिफारिश कर दी। ओली को अंदाजा हो गया था कि चीन प्रचंड गुट की मदद कर रहा है। ओली को इस बात की पीड़ा भी साल रही है कि जिस चीन के इशारे पर उन्होंने भारत से सीमा विवाद को भड़काया और नेपाल के राजनीतिक मानचित्र में बदलाव कर भारत से संबंध खराब कर लिए, वही चीन अब प्रचंड के साथ है। दरअसल नेपाल की वामपंथी राजनीति को चीनी हस्तक्षेप का खमियाजा अब भुगतना पड़ रहा है। भविष्य में नेपाल में वामपंथी राजनीति कमजोर पड़ सकती है, क्योंकि नेपाल के वामपंथी नेता अपने व्यक्तिगत स्वार्थों के लिए चीन के इशारे पर नाचते रहे हैं। प्रचंड और ओली को लगता रहा है कि नेपाल की राजनीति में चीन के सहयोग से वे मजबूत होंगे। दोनों नेताओं ने हमेशा चीन को खुश करने की कोशिश की है। प्रचंड जब नेपाल के प्रधानमंत्री थे तो उन्होंने चीन को खुश करने के लिए मई 2017 में बेल्ट एंड रोड परियोजना में नेपाल को शामिल करने का फैसला किया था। प्रचंड के बाद ओली नेपाल के प्रधानमंत्री बने। वे भी चीन के इशारे पर नाचते रहे। ओली की कूटनीति भारत को चिढ़ाने वाली रही।

बेल्ट एंड रोड पहल पर ओली की नीति भी चीन को खुश करने वाली रही। ओली लगातार चीन से रेल और सड़क संपर्क मजबूत करने की बातें करते रहे। चीन के रास्ते दूसरे मुल्कों से व्यापारिक संबंध विकसित करने का खाका ओली ने ही तैयार किया। इस संबंध में ओली ने चीन से समझौता किया। पिछले साल अक्तूबर में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग नेपाल पहुंचे तो ओली ने उनका शानदार स्वागत किया।

हालात बता रहे हैं कि ओली और प्रचंड के बीच अब समझौते की उम्मीदें क्षीण हो चुकी हैं। नेपाल में इस राजनीतिक उठापटक के बीच विपक्षी दलों की सक्रियता बढ़ेगी और वे मजबूत होंगी। नेपाली कांग्रेस जमीन पर मजबूत हो सकती है। नेपाली कांग्रेस ने भारत के लिए हमेशा मित्रता का भाव रखा है। उधर नेपाल में राजशाही के समर्थकों की भी सक्रियता तेज हो चली है। हालांकि नेपाल में भविष्य की राजनीतिक किस करवट बैठेगी, यह तो समय बताएगा, लेकिन वर्तमान घटनाक्रम ने नेपाल के 2015 में लागू हुए नए संविधान पर प्रश्नचिह्न तो लगा ही दिया है।

# ऊर्जा का संचय और किसानों की आमदनी दोगुना करना लक्ष्य



धर्मेंद्र प्रधान

भारत मौजूदा समय में विश्व औसत की एक तिहाई ऊर्जा की खपत करता है। अगर हम ऊर्जा की खपत के विश्वसनीय आंकड़ों पर गौर करें, तो पता चलता है कि भारत को असमान और प्रतिस्पर्धी जरूरतों को पूरा करने की अनोखी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इसकेसाथ ही उसे आयात पर निर्भरता में कटौती कर अन्य साधनों से खपत को पूरा करने, ऊर्जा उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए ग्रिड को अनुकूल बनाने, ऊर्जा उत्पादन के पुराने स्रोतों के स्थान पर नए स्रोतों का इस्तेमाल करने के साथ-साथ रोजगार को बढ़ावा देकर आम जनता की मानवीय और आर्थिक पूंजी को बढ़ाने पर भी ध्यान देना पड़ेगा।

यह सवाल खासतौर से पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र के लिए मुख्य है, जिसका कि मैं प्रभारी हूं। खासतौर से ऐसे समय में जब जलवायु परिवर्तन से जुड़े मुद्दे ऊर्जा क्षेत्र से बहुत ही करीबी तौर पर जुड़े हैं। हम अपने घरेलू उपयोग के करीब 85 प्रतिशत कच्चे तेल और 56 प्रतिशत गैस का आयात करते हैं। ये बातें उन सभी उद्देश्यों को पूरा करने में बाधा उत्पन करती है, जिन्हें हम प्राप्त् करना चाहते हैं। इस संदर्भ में जैव ईंधन इस नाजुक संतुलन को बनाने और प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण जरिया बन गया है। पिछले कुछ वर्षों में जैव ईंधन के विविध प्रकारों जैसे इथेनॉल, कम्प्रेस्डद बायो-गैस और बायो-डीजल के क्षेत्र में हुई प्रगति का किसानों की आय पर और उनके समुदायों की खुशहाली पर सीधा सकारात्मक असर हुआ है और इसके साथ ही ऊर्जा के लिए हमारी आयात निर्भरता में भी कमी आई है। इस समय हमारा लक्ष्य 2022 तक पेट्रोल में दस प्रतिशत इथेनॉल का मिश्रण करना और 2030 तक इसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक लाना है। इससे वाहनों से कार्बन का उत्सर्जन काफी कम हो जाएगा। 2019 के गणतंत्र दिवस परेड के दौरान भारतीय वायुसेना के विमानों ने विक की आकृति बनाते हुए उड़ानें भरी थीं और इस दल का प्रतिनिधित्व कर रहे विमान में पारम्पृरिक और जैव ईंधन के सम्मिश्रण का इस्तमाल किया गया था, जोकि ईंधन के वैकल्पिक स्रोतों की तलाश की सरकार की प्रतिबद्धता का सूचक है। भारत में इथेनॉल के उत्पादन का प्राथमिक स्रोत गन्ना और उसके सह-उत्पाद हैं। मंत्रालय के इथेनॉल सम्मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम के तहत 90 प्रतिशत से ज्यादा इथेनॉल आपूर्ति का यही मुख्य जरिया है। इस कार्यक्रम के जरिए संकटग्रस्त चीनी क्षेत्र को पर्याप्त पूंजी तरलता और गन्ना किसानों को वैकल्पिक जरिए से धन की प्राप्ति होती है। यह कार्यक्रम इथेनॉल उत्पा दन के लिए गन्नो की फसल के इस्तेमाल को प्रोत्सोाहित करता है और इस तरह देश में चीनी के अतिरिक्त भंडार में भी कटौती करता है। इथेनॉल की आपूर्ति में पिछले कुछ वर्षों में सुधार हुआ है और यह 2013-14 के 38 करोड़ लीटर के मुकाबले 2019 में 189 करोड़ लीटर हो गई है। उम्मीद है कि इस वर्ष चीनी/गुड़ शीरा और अनाज आधारित भट्टियों से 350 करोड़ लीटर के प्रस्ताव मिलेंगे। गन्ने के अलावा इथेनॉल का उत्पादन अखाद्य अनाज, बी-हैवी गुड़ शीरा और गन्ने के रस से भी होता है। इससे पिछले छह सालों में किसानों को चीनी मिलों और भट्टियों के जरिए करीब 35,000 करोड़ रुपये प्राप्तहुए हैं, क्यों कि तेल विपणन कंपनियों ने इन मिलों और भट्टियों को निर्धारित कीमत पर कुल खरीद की गारंटी दी थी। इस व्यवस्था से किसानों को किए जाने वाले भुगतान के चक्र में भी सुधार हुआ, क्योंकि ओएमसी ने इन भट्टियों को उनके द्वारा उत्पादित इथेनॉल का भुगतान मात्र 21 दिन में कर दिया, जबकि पहले चीनी मिलों से अपना भुगतान प्राप्त करने के लिए किसानों को महीनों तक इंतजार करना पड़ता था। हाल में लिए गए इस फैसले से कि इस वर्ष सेभारतीय खाद्य निगम के पास एकत्र अतिरिक्त चावल और मक्का भंडार का इस्तेमाल इथेनॉल उत्पादन के लिए किया जाएगा, किसानों को अपने उत्पाद के लिए एक वैकल्पिक बाजार मिल सकेगा। बायोडीजल के संबंध में, 2018 में तैयार जैव ईंधन पर राष्ट्रीय नीति का लक्ष्य 2030 तक डीजल में बायोडीजल का 5 प्रतिशत सम्मिश्रण करना है। इस नीति के तहत गैर-खाद्य तिलहन,इस्तेमाल किए जा चुके खाद्य तेल और कम समय में तैयार होने वाली फसलों से बायोडीजल के उत्पादन के आपूर्ति श्रृंखला तंत्र की स्थापना को प्रोत्साहन मिला है। कम समय में तैयार होने वाली इन फसलों की खेती विभिन्न राज्यों में ऐसी भूमि पर आसानी से की जा सकती है, जो इस समय बंजर हैं या जहां खाद्य फसलों को उगाना संभव नहीं हैं। तेल विपणन कंपनियों द्वारा हाई स्पीड डीजल में मिश्रण के लिए की गई बायो डीजल की खरीद 2015-16 में 1.19 करोड़ लीटर थी, वह पिछले साल बढ़कर 10.55 करोड़ लीटर हो गई। अक्टूबर 2018 में शुरू की गई सस्टेनेबल अल्टरनेटिव टूवर्ड्स अफोर्डेबल ट्रांसपोर्टेशन योजना का उद्देश्य देश के विभिन्न अपशिष्ट बायोमास स्रोतों से कम्प्रेस्ड बायोगैस के उत्पादन के लिए एक इको-सिस्ट म स्थापित करना है। एसएटीएटीके तहत 2023 तक 15 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष की कुल उत्पादन क्षमता वाले 5,000 सीबीजी संयंत्र लगाने की योजना है, जो 54 एमएमएससीएमडी गैस के बराबर है। इस पहलके तहत लगभग 1.75 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होगा और लगभग 75,000 प्रत्यक्ष रोजगार अवसर पैदा होंगे। प्रस्तावित संयंत्रों में से कई में फसल अवशेषों जैसे धान की पुआल और जैव ईंधन का उपयोग सीबीजी के उत्पादन के लिए किया जाएगा। ऐसे संयंत्र विशेष रूप से हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में लगाना प्रस्तावित है। एसएटीएटी योजना से न सिर्फ जीएचजी उत्सर्जन में कमी आएगी, बल्कि फसलों के अवशेषों को जलाने की प्रवृत्ति में भी कमी आएगी, जिसके फलस्वरूप दिल्ली जैसे शहरों में बहुत ज्यादा वायु प्रदूषण होता है। इससे ग्रामीण और अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्रों में रोजगार पैदा होगा तथा किसानों को अन्य लाभों के साथ-साथ उनके अनुपयोगी जैविक कचरे से भी आय प्राप्ती होगी। सीबीजी संयंत्रों के उप-उत्पादों में से एक जैविक खाद है, जिसका उपयोग खेती में किया जा सकता है। जैव ईंधन आपूर्ति श्रृंखला के मुख्य तत्व ऐसी चक्रीय ग्रामीण अर्थव्यावस्थां का निर्माण करते है, जिनसे समुदायों को पर्यावरण, सामाजिक-आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी लाभ प्राप्त होते हैं। निकट भविष्य में ओएमसी मिश्रण के लिए प्रतिवर्ष एक लाख करोड़ रुपये के जैव ईंधन की खरीद करेंगी। यह धन ग्रामीण अर्थव्यवस्था में वापस आएगा और किसानों की आय को दोगुना करने में इसका महत्वपूर्ण योगदान होगा। अंतर्राष्ट्रीय जलवायु संबंधी प्रतिबद्धताओं और घरेलू आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऊर्जा की उपलब्धता, उसकी पहुंच और वहन क्षमता, ऊर्जा उपयोग में दक्षता, ऊर्जा की स्थिरता और वैश्विक अनिश्चितताओं को कम करने के लिए सुरक्षा पर जोर दिया है। अतः जरूरत इस बात की है कि मेरे मंत्रालय के कामकाज और दृष्टिकोण को सिर्फ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर केन्द्रित करने की जगह मानव विकास सूचकांक को दृढ़ करने पर केन्द्रित किया जाए, ताकि कतार में खड़े आखिरी गरीब व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंच सकें।

## ज्ञान गंगा

# जाल हैं राग और द्वेष

परमानंद को समझा नहीं जा सकता और उसे पाना भी अत्यंत कठिन है। कई जीवन कालों के बाद परमानंद की प्राप्ति होती है और एक बार पाने पर इसे खोना तो और भी कठिन है। जीवन में तुम्हें तलाश है केवल परमानंद की- अपने स्रोत के साथ तुम्हारा दिव्य मिलन और संसार में बाकी सबकुछ तुम्हें इस लक्ष्य की प्राप्ति से विचलित करता है। असंख्य कारण, विभिन्न तरीकों से तुम्हें उस लक्ष्य से विमुख करते हैं; लाख बहाने, जो न समझे जा सकते हैं, न बताए जा सकते हैं, तुम्हें घर नहीं पहुंचने देते। राग और द्वेष से मन चंचल रहता है। केवल जब मन शांत होता है, तब परमानंद उदित होता है। परमानंद वास है दिव्यता का, सभी देवों का। केवल मानव शरीर में ही इसे पाया जा सकता है, अनुभव किया जा सकता है। एक बार मानव जीवन पाकर, तथा इस मार्ग पर आकर भी यदि तुम्हें यह समझ में नहीं आता, तो तुम बड़े नुकसान में हो। राग और द्वेष तुम्हारे हृदय को कठोर बनाते हैं। यदि हृदय में रूखापन है तो केवल व्यवहार में विनम्रता होने से कोई लाभ नहीं। संसार को यह परवाह



नहीं कि तुम अंदर से कैसे हो। संसार केवल तुम्हारा बाहरी व्यवहार देखता है। परंतु, ईश्वर को यह परवाह नहीं कि तुम बाहर से कैसे हो- वे केवल तुम्हारे अंदर देखते हैं। थोड़ा-सा भी राग या द्वेष का अंश कभी भी अपने दिल में मत बसाओ। इसे तो गुलाब के फूल की तरह रहने दो- ताजा, कोमल और सुगंधित। यह कैसा भ्रम है- तुम किसी व्यक्ति या वस्तु को नापसंद करते हो, और यह तुम्हारे हृदय को कठोर बनाता है। और इस कठोरता को निर्मल होने में बहुत समय लगता है। राग और द्वेष ऐसे जाल हैं जो तुम्हें अनमोल खजाने से दूर रखते हैं। इस भौतिक संसार में कोई भी चीज तुम्हें तृप्ति नहीं दे सकती। बाहरी दुनिया में संतुष्टि खोजने वाला मन अधिक अतृप्त हो जाता है और यह अतृप्ति बढ़ती ही जाती है; शिकायतें तथा नकारात्मक स्वभाव दिमाग को कठोर बनाने लगते हैं, सजगता को ढक देते हैं और पूरे वातावरण में नकारात्मकता का विष फैला देते हैं। जब नकारात्मकता शिखर छूती है, एक अत्यधिक फूले हुए गुब्बारे की तरह फूट जाती है और फिर से दिव्यता में आ जाती है।

---

बचपन से मैं साहित्यानुरागी रहा हूं और छिट-फुट कविताएं भी करता रहा हूं। देश प्रेम भी मेरी धमनियों में वैसे ही प्रवाहित होती है जैसे गंगा की शीतल धारा,धरा पर प्रवाहित होती है।इसी से अनुप्रेरित हो वर्ष 2007से2013तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक एवं मुख्य शिक्षक ,शाखा कार्यवाह, विद्यार्थी विस्तारक के रूप में सहरसा, मुजफ्फरपुर एवं पूर्णिया में कार्य करने का सौभाग्य मिला एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्राथमिक शिक्षा वर्ग, प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष प्रशिक्षित होने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ ।जहां हमें बहुत कुछ सीखने का सुअवसर मिला। 2013 से विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के लिए बजरंग दल सहरसा नगर संयोजक, सह जिला संयोजक एवं वर्ष 2020 के प्रथम माह तक जिला संयोजक के रूप में सामर्थ्य अनुसार कार्य किया।इसी बीच 13 जनवरी 2020 को अखिल भारतीय साहित्य परिषद सहरसा इकाई के कार्यालय सचिव बनाया गया, वहीं बजरंग दल जिला संयोजक से मुक्ति भी मिली।यह सुखद संयोग रहा की इसी वर्ष मैं हिंदी साहित्य अंचल मंच अररिया बिहार के द्वारा ÷साहित्य साधना सम्मान÷ से सम्मानित किया गया। पुनः 24 मार्च 2020 को मुझे एक कदम साहित्य की ओर समूह के द्वारा 111 ? की राशि के साथ प्रशस्ति



पत्र/सम्मान पत्र दिया गया। पुनः साहित्य सागर होसलौं की उड़ान द्वारा मुझे सम्मानित किया गया। फिर नर्मदा प्रकाशन लखनऊ के द्वारा काव्य सृष्टि सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसके फलस्वरूप मुझमें भी आनलाइन कवि सम्मेलन की ललक एवं जिज्ञासा जाग्रत हुई। मैंने भी 27 जुलाई 2020 से साहित्य साधक मंच सहरसा के द्वारा अपना आनलाइन कार्यक्रम आयोजित कर नवांकुर कलमकारों को मंच प्रदान करना शुरू किया। ऐसे इस मंच से दर्जनों स्वनाम-धन्य कवि, साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं एवं काव्य पाठ से इस मंच की शोभा बढ़ाने की महती कृपा की है।जिन वरिष्ठ साहित्यकारों का सतत् आशीष इस मंच को मिल रहा है उनमें सर्वश्री डॉ.राणा जयराम सिंह प्रताप, डॉ.शारदाचरण, उदय नारायण सिंह, शशिकांत शशि , रामनाथ साहू ननकी, सपना सक्सेना दत्ता, व्यंजना आनंद मिथ्या, अमर सिंह निधि, डॉ. लता, राधा तिवारी राधेगोपाल, संतोष अग्रवाल, निक्की शर्मा रश्मि, सुभाष चंद्र झा, वशिष्ठ प्रसाद, दिनेश कुमार पाण्डेय अग्रगण्य है। इस मंच के माध्यम से दर्जनों कवियों की कविताएं देश के विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित भी हुई हैं एवं मेरे द्वारा संपादित ÷काव्यांगन÷ साझा काव्य संकलन में भी दर्जनाधिक कवियों की कविताएं,सचित्र कविताएं प्रकाशित हुई हैं।इस वर्ष मंच ने एक नया मुकाम हासिल किया है।इस मंच की खबर को हिंदुस्तान,दैनिक जागरण,प्रभात खबर, नव बिहार दूत, मुरादनगर की शान, कोसी टाइम्स, फ्रंटलाइन, सोनभद्र एक्सप्रेस, सनमार्ग दैनिक, युग जागरण, स्योहारा पहरी, हिन्दुस्थान समाचार, खबर बिहार, देशांतर टुडे, काव्य रंगोली, जनमत की पुकार, जागरूक जनता-जागरूक न्यूज़, मीडिया फॉर यू, सैफी पोस्ट, राइजिंग बिहार, राष्ट्रीय नवाचार, कोल्डफील्ड मिरर, हिंदी दैनिक राष्ट्र राज्य, डी न्यूज़, न्यूज़ भारत, द क्लिफ़ न्यूज़, पुष्पांजलि टुडे सहित यूएसए से प्रकाशित हम हिंदुस्तानी नामक अखबार ने भी प्रमुखता से स्थान दिया है। उन सभी अखबार के संपादकों को मैं हृदय तल की गहराई से कोटि-कोटि आभार प्रेषित करता हूं,और आशा करता हूं कि आने वाले वर्ष में भी आप सभी के सहयोग इसी प्रकार बने रहेगें। आने वाले वर्ष में मैं साहित्य साधक (अखिल भारतीय साहित्यिक मंच) को और ऊंचाई प्राप्त करते देखना चाहता हूं । आने वाले वर्ष में मैं सिर्फ़ और सिर्फ़ साहित्य संगठनों की उन्नति, प्रगति एवं तरक्की हेतु ही सर्वथा अपना मानसिक और शारीरिक श्रम व्यय करूंगा। मैं अपने सभी साहित्यकार बंधुओं कविजनों से सतत् नेह नमित स्नेह की अपेक्षा रखते हुए सबों के प्रति मैं अपना नेह नमित नमन,वंदन, अभिनंदन समर्पित करता हूं।आप सभी के कृपा-भाव का अभिलाषी

**कृष्ण कुमार क्रांति**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष**
**साहित्य साधक (अखिल भारतीय साहित्यिक मंच) सहरसा, बिहार**

# गजल



तू बने मेरी गजल, मैं तेरा कलमकार हो जाऊँ!
तू पढ़े मेरे अल्फ़ाज़, मैं तेरे जज़्बात हो जाऊँ!!
टिमटिमाती रातों में, तू फलक पर आ जाएं!
मैं जुगनुओं सी, तू मेरा चाँद बन जाएं!!
मेरी अँधियारी रातों को, रोशन कर जाएं!
इस अधूरे इश्क़ को, मुक़म्मल तू कर जाएं!!
मेरी कुछ नादानियों को, नजरअंदाज कर जाएं!
छलकते मेरे अश्कों को, ज़ब्त तू कर जाएं!!
कुछ उलझी सी मेरी ज़िंदगी को,सुलझाकर जाएं!
जहाँ हो मुक़म्मल राहे, वो किनारा दिखा जाएं!!
मैं अपने जज़्बात-ए-अल्फ़ाज़,यूँ ही पिरोती जाऊँ!
लिखकर तुझें अपनी गज़लों में,क़लमकार होती जाऊँ!!

डॉक्टर प्रिया पचौरी
वेटनरी कॉलेज जबलपुर (मध्यप्रदेश)

# नववर्ष विदेशी



स्वागतम स्वागतम पुनः पुनः,
पुनः आगमन नववर्ष विदेशी,
शुभकामनाएं नववर्ष अंग्रेजी,
स्वागतम स्वागतम पुनः पुनः।
भारत में श्री अतिथि सम्मान,
निज संस्कृति की यही पहचान,
आओ सब मिलकर झूमे गाए,
आगमन अतिथि उत्सव मनाए।
भारत भूमि पर पल-पल उत्सव,
संस्कृति एक आधार महोत्सव,
सदा वास रहे प्रसन्नता तन मन,
मार्ग प्रशस्त अनवरत रहे सुगम।
प्रसन्न चित्त मन से है यही प्रार्थना,
सर्वे भवंतु सुखिनः मय निरामया,
जन कल्याणकारी व मंगल कार्य,
शुभकामनाएं नूतन सुखद सु वर्ष।
स्वागतम स्वागतम स्वागतम,
पुनः आगमन नववर्ष विदेशी।

**ऋषि कुमार दीक्षित**
**एटा, उत्तर प्रदेश**



# गौहर की रिसेप्शन पार्टी का वीडियो वायरल, झल्ला वल्लाह पर जमकर ठुमके लगाए

अभिनेत्री गौहर खान की हाल ही में शादी हुई है। जिसके बाद उन्होंने रिसेप्शन पार्टी की है। उनके रिसेप्शन पार्टी की कई तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रही हैं। उनका हर एक वीडियो खूब सुर्खियां बटोर रहा है। वीडियो में गौहर खान और जैद दरबार को पूरा परिवार कपल का स्वागत करता नजर आ रहा है और सभी ने नए जोड़े के लिए तू जो मिला गाना गाया। वीडियो में होटल में गौहर और जैद को हाथ में हाथ डाले देखा गया है।

गौहर बहुत ही खूबसूरत लहंगा कुर्ती में नजर आईं। साथ में उन्होंने अपने ऑउटफिट को मैच करते हुए गोल्ड ज्वैलरी को कैरी किया था। वहीं उनके पति जैद ने एक नेवी ब्लू सूट पहना था। वीडियो में हम देख सकते है उनके परिवार के सभी सदस्यों ने बहुत ही प्यार से उनका स्वागत किया। बता दें कि गौहर के मुंबई से बहार जाने से पहले रिसेप्शन पार्टी होस्ट की गई थी। क्योंकि गौहर एक शूट के सिलसिले में लखनऊ जा रही हैं। अभिनेत्री को मुंबई एयरपोर्ट में पिंक कुर्ता-सलवार और एक मास्क में देखा गया था। साथ में उनके पति जैद भी उनको ड्राप करने एयरपोर्ट आए थे दोनों को एक दूसरे को गले मिलते हुए देखे गया था। एक वीडियो में गौहर अपने पति जैद के साथ बैठी हुई नजर आ रहीं हैं। जहां उनकी दोस्त प्रीती सिमोस, जैद और गौहर के सामने परफॉर्म करती नजर आ रहीं हैं और वहीं वीडियो में गौहर भी स्टेज कि तरफ अचानक बढ़ती हुई नजर आईं। जिसके बाद गौहर ने प्रीती के साथ अपने गाने झल्ला वल्लाह पर जमकर ठुमके लगाए। गौहर और जैद ने अपनी निकाह ने ऑउटफिट को मैच करने का फैसला किया था।

कपल को अपने फैसले लेने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए

# डेटिंग के होते हैं अपने ही नियमः मानवी गागरू

अभिनेत्री मानवी गागरू का कहना है कि जब डेटिंग की बात आती है तो इसके लिए कोई निर्धारित नियम नहीं होते हैं। उन्हें लगता है कि एक जोड़े (कपल) को अपने फैसले लेने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए। मानवी ने कहा, इन दिनों डेटिंग पर मेरा मानना है कि जो लोग इसे खोज रहे हैं, वह बुनियादी मानव स्तर पर एक कनेक्शन है। अभिनेत्री ने कहा कि डेटिंग के अपने नियम हैं और यही होने भी चाहिए। उन्होंने कहा, डेटिंग अपने स्वयं के नियमों को फॉलो करती है और यही होना भी चाहिए। डेटिंग रिश्ते में शामिल लोगों को कानूनी उम्र और सहमति के भीतर निर्णय लेने के साथ ही खुद के लिए नियम बनाने चाहिए। इसके लिए कोई नियम निर्धारित नहीं हैं। पहले कदम के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, अगर आप किसी में रुचि रखते हैं तो पहला कदम उठाना ठीक है। अगर किसी भी तरह के प्रतिरोध का अहसास है, तो फिर पीछे हट जाना चाहिए और अपनी चीजों को मनवाने के प्रयास नहीं करने चाहिए। यह सभी लिंगों (जेंडर) पर लागू होता है। अभिनेत्री को वेब शो 'डेटिंग दीज डेज' में डेटिंग के बारे में बातचीत करते हुए देखा गया। इस शो में सान्या मल्होत्रा, कीर्ति कुलहरि, सुमुखी सुरेश, सुशांत दिग्विकर और नीना गुप्ता जैसे सितारे भी दिखाई दे रहे हैं और वह डेटिंग के दौरान विभिन्न बाधाओं और चुनौतियों के बारे में अपनी बात साझा कर रहे हैं।



# अनन्या पांडे ने फोटो की साझा



बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में वह फ्लोरल प्रिंट के कपड़े में नजर आ रही हैं। एक्वा ब्लू के ऊपर पिंक फ्लोरल प्रिंट के इस ड्रेस में अनन्या बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। इस पोस्ट के साथ अभिनेत्री ने फ्लावर ईमोजी कैप्शन दिया है। बता दें कि अनन्या हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर फिल्म 'खाली पीली' में नजर आई थी। वर्तमान में वह शकुन बत्रा की एक फिल्म पर काम कर रही हैं, जिसके शीर्षक पर इस वक्त अभी बात नहीं बनी है। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण और सिद्धांत चतुर्वेदी भी हैं। इसके अलावा, अनन्या एक एक्शन फिल्म फाइटर भी कर रही हैं, जिसमें वह विजय देवरकोंडा के विपरीत नजर आने वाली हैं।



# प्रतिक्रियाओं से काफी खुश अनिल कपूर

बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर हाल ही में नई डिजिटल फिल्म 'एके वर्सेज एके' में अपनी परफॉर्मेंस को लेकर काफी खुश हैं। इस फिल्म में उनकी परफॉर्मेंस को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही हैं। अनिल कपूर ने गुरुवार को अपना 64वां जन्मदिन मनाना है और इसी दिन यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई। फिल्म को लेकर अभिनेता ने कहा, आपको जिस काम से प्रेम है, उसके लिए ही आपको प्यार किए जाने का एहसास सबसे खास है। मैं अपने प्रशंसकों और उनके समर्थन की वजह से यहां हूं। उनके बिना हम कुछ भी नहीं हैं और 'एके वर्सेज एके' को जिस तरह की प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं, वह प्रेरणादायक है। मैं इसे बयां नहीं कर सकता। इस फिल्म में अनिल कपूर के साथ अनुराग कश्यप भी हैं और सोनम कपूर, हर्षवर्धन कपूर व बोनी कपूर भी कैमियो रोल में हैं। बता दें कि इस फिल्म को विक्रमादित्य मोटवानी द्वारा निर्देशित किया गया है। फिल्म को 24 दिसंबर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया गया।

# किआरा के लिए 2020 रहा संतोषजनक



अभिनेत्री कियारा आडवाणी के लिए साल 2020 काफी संतोषजनक रहा है। दरअसल, कियारा की फिल्म महामारी के दौरान ओटीटी के अलावा सिनेमाघरों में भी रिलीज हुई। इस साल वे ओटीटी-रिलीज फिल्मों "गिल्टी" और "लक्ष्मी" में देखाई दीं। वहीं, इस महीने की शुरूआत में उनकी फिल्म "इंदु की जवानी" पूरे देश में रिलीज हुई। कियारा ने कहा कि मैं और ज्यादा काम करने के लिए बेसब्र हूं। मुझे नहीं लगता कि मैं संतोषी इंसान हूं- मैं ऐसी व्यक्ति हूं जो हमेशा आगे बढ़ना चाहती है और बेहतर करना चाहती है। बता दें कि कियारा ने 2014 में "फुगली" के साथ बॉलीवुड में कदम रखा था। उन्होंने "एम एस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी", "कबीर सिंह" और "गुड न्यूज" जैसी कई हिट फिल्मों में अपने अभिनय से प्रभावित किया है। उनकी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई "लस्ट स्टोरीज" भी शानदार रही। अगले महीनों के लिए अभिनेत्री के पास 3 फिल्में हैं। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ "शेरशाह", कार्तिक आर्यन-स्टारर "भूल भुलैया 2" और सह-अभिनेता अनिल कपूर, नीतू कपूर और वरुण धवन के साथ "जुग जुग जियो" शामिल है।

# प्रकृति का लुत्फ उठातीं बिकिनी में नजर आईं मल्लिका शेरावत



बॉलीवुड में हुश्न की मलिका के नाम से मशहूर अभिनेत्री मल्लिका शेरावत फिल्मों से भले ही दूर हैं लेकिन एक बार फिर केरल की फिजा में जलवा-ए-अफरोज हुई है। मल्लिका सोशल मीडिया पर अक्सर चर्चा में बनी रहती हैं। मल्लिका शेरावत अपनी लाइफ स्टाइल, फिटनेस को लेकर अक्सर पोस्ट करते रहती हैं। अब चर्चा है उनके छुट्टियों को लेकर।

फिलहाल वे केरल में छुट्टियां मना रही हैं, वहीं से उन्होंने कई फोटोज पोस्ट किए हैं जिनके सोशल मीडिया पर खूब तारीफ हो रही है। मल्लिका शेरावत ने केरल को अपना फेवरिट प्लेस बताते हुए फोटो शेयर की है। फोटो में वे मल्टीकलर टू पीस पहने हुए गार्डन में लेटी हुई हैं। पीछे नारियल के पेड़ दिख रहे हैं। इसके अलावा भी मल्लिका ने कई फोटोज शेयर की हैं, जो चर्चा में बनी हुई हैं। बता दें कि मल्लिका शेरावत ने 18 साल पहले हिंदी फिल्म जीना सिर्फ मेरे लिए से डेब्यू किया था। बॉलीवुड में उन्हें मर्डर फिल्म के लिए जाना जाता है जहां उनकी जोड़ी इमरान हाशमी के साथ थी। फिल्म से वो रातोरात स्टार बन गई थीं। उन्होंने डिजिटल डेब्यू भी कर लिया है। वो तुषार कपूर के साथ वेब सीरीज बू सबकी फटेगी में नजर आई थीं। इसमें वो एक आत्मा के कैरेक्टर में थी। ये वेब सीरीजर हॉरर-कॉमेडी थी। मलिल्का शेरावत क्रिसमस के मौके पर केरल पहुंची थीं तब से वो यहीं हैं। प्रकृति के बीच वो रिलैक्स कर रही हैं।



# बिखरे बालों में नजर आईं रकुल प्रीत सिंह

बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह बिखरे बालों में नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में रकुल एक सीक्वेन्ड कॉपर ड्रेस में स्टनिंग में कैमरे के सामने पोज देते हुए दिखाई दे रही हैं, वहीं उनके खुले बाल तितर-बितर फैले दिखाई दे रही हैं। उन्होंने इसे कैप्शन देते हुए लिखा कि सॉरी आई कॉन्ट हियर चायोज ओवर द वैल्यूम ऑफ माई हेयर। बता दें कि हाल ही में रकुल कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई। उन्होंने अपने सत्यापित अकाउंट पर ट्वीट करके यह जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि वह कोरोनावायरस जांच रिपोर्ट में पॉजिटिव पाई गई हैं और उन्होंने खुद को आइसोलेट कर लिया है। वर्कफ्रंट की बता करें तो अभिनेत्री ने फिल्म 'मेडे' की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और अजय देवगन भी नजर आएंगे। यह फिल्म अजय देवगन द्वारा निर्देशित और निर्मित है।

# उत्तर भारत में शीतलहर से बढ़ी कंपकंपी



नई दिल्ली ■ ब्यूरो

उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पहाड़ी क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी के बाद उत्तर भारत में शीतलहर का प्रकोप और बढ़ गया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में न्यूनतम तापमान लुढ़कर 3.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हरियाणा और पंजाब के कई हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से जारी शीत लहर मंगलवार को और तेज हो गई। जबकि राजस्थान में तेज और ठंडी हवाओं के असर से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। उधर, हिमाचल प्रदेश में शीतलहर में जबरदस्त बढ़ोत्तरी हुई। कश्मीर में हल्की बर्फबारी से पर्यटकों में उत्साह देखा गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के कारण जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में जगह जगह हिमपात हुआ।

हरियाणा और पंजाब के कई हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से जारी शीत लहर मंगलवार को और तेज हो गई। दोनों राज्यों में हिसार के अलावा, नारनौल, अमृतसर और चंडीगढ़ सहित कई स्थानों पर पिछली रात इस मौसम की सबसे ठंडी रात रही। मौसम विज्ञान विभाग के स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि हिसार में तापमान सामान्य से छह डिग्री नीचे दर्ज किया गया।

### दिल्ली में तापमान गिरा

दिल्ली भी शीतलहर से ठिठुरती रही और यहां न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पूरी दिल्ली का औसत तापमान बताने वाली सफदरजंग वेधशाला ने सोमवार रात न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जबकि अधिकतम तापमान 18.1 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से दो डिग्री कम है। विभाग के अनुसार, आया नगर और लोधी रोड मौसम केंद्रों ने न्यूनतम तापमान क्रमशः 2.6 डिग्री सेल्सियस और 2.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

### राजस्थान में कड़ाके की सर्दी का सितम जारी

राजस्थान में तेज और ठंडी उत्तरी हवाओं के असर के चलते मंगलवार को अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई वहीं कुछ स्थानों पर न्यूनतम तापमान जमाव बिन्दू और उससे नीचे माइनस में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के प्रवक्ता के अनुसार राज्य के एक मात्र पर्वतीय पर्यटक स्थल माउंट आबू में तापमान शून्य से नीचे चार डिग्री सेल्सियस, चूरू में जमाव बिन्दु शून्य डिग्री, सीकर में शून्य से नीचे एक डिग्री, पिलानी और भीलवाड़ा में 01-01 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दर्जन जिलों में तेज सर्दी पड़ने की चेतावनी जारी की है।

## न्यूज. ब्रीफ

### टीएमसी सांसदों ने राष्ट्रपति से की प. बंगाल के राज्यपाल को हटाने की मांग



कोलकाता। पश्चिम बंगाल में चुनावी सरगर्मी के बीच राज्य की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने एक बार फिर राज्यपाल जगदीप धनखड़ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। टीएमसी सांसद सुखेंदू शेखर रे ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को ज्ञापन भेज गवर्नर जगदीप धनखड़ को तुरंत पद से हटाए जाने की मांग की है। सुखेंदू ने इस ज्ञापन में लिखा है, हम बताना चाहते हैं कि राज्यपाल संविधान को बचाने, सुरक्षा करने और बचाव करने में विफल रहे हैं। उन्होंने लगातार कानूनों का उल्लंघन किया है। सुखेंदू शेखर रे के अलावा सांसद सुदीप बंदोपाध्याय, सांसद डेरेक ओ ब्रायन, सांसद कल्याण बनर्जी और सांसद काकोली घोष दास्तिदर ने भी पश्चिम बंगाल के गवर्नर को पद से हटाए जाने की मांग वाले ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

### एमएसपी पर की जाए धान की खरीद लगाए जाएं अतिरिक्त कांटे : योगी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान की खरीद हो रही है। किसानों को एमएसपी का पूरा लाभ दिलाना राज्य सरकार की मंशा है। उन्होंने धान खरीद कार्य को तेजी से संचालित करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि धान क्रय केंद्रों को पूरी तरह सक्रिय रखने के साथ किसानों से त्वरित खरीद की जाए। उन्होंने धान क्रय केंद्रों पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त काटों की व्यवस्था किए जाने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लोक भवन में उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दुग्ध उत्पादन के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए अधिक से अधिक राजस्व ग्रामों में दुग्ध समितियों के गठन की कार्रवाई की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों का गठन करते हुए इन्हें डेयरी परियोजनाओं से जोड़ा जाए। पीसीडीएफ की डेयरियां के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाए।

### लग्जरी गाड़ियां चुराने वाले गिरोह का पदार्फाश, आठ गिरफ्तार

नोएडा। दिल्ली-एनसीआर से लग्जरी गाड़ियां चुराने वाले गिरोह का पुलिस ने पदार्फाश किया है। चोरी की गाड़ियों को जम्मू-कश्मीर और गुजरात में बेचा जाता था। पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए 8 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से पुलिस ने चार कारें भी बरामद की हैं। मंगलवार को पुलिस ने लग्जरी कारें चुराने वाले आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियो का कहना है कि अलग-अलग स्थानों से लग्जरी कारों की चोरियां करते थे।

### सृजन घोटाला: सीबीआई जांच के लिए पुलिस ने विभाग को भेजा पत्र

भागलपुर। बिहार के कुख्यात सृजन घोटाले मामले में भागलपुर जिला कल्याण कार्यालय की सौ करोड़ रुपये की अवैध निकासी को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है, लेकिन जांच शुरू नहीं हो पायी है। पुलिस ने केस की जांच सीबीआई से कराने के लिए विभाग को पत्र भेजा है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि सृजन घोटाला से जुड़े सभी मामलों की जांच सीबीआई कर रही है। जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा करीब सौ करोड़ रुपये की अवैध निकासी को लेकर प्राथमिकी कोतवाली थाना में दर्ज करायी गयी है। घोटाले की बड़ी राशि है। वरीय पदाधिकारियों को प्रस्ताव भेजकर सीबीआई से जांच कराने का आग्रह किया गया है।

| आंकड़ों को छिपाने की वजह से चीन लगातार कई देशों के निशाने पर रहा |

# खुलासाः वुहान के कोरोना मामलों पर अब खुली पोल

बीजिंग ■ एजेंसी

चीन के वुहान शहर में पिछले साल कोरोना वायरस का पहला मामला सामने आया था। उस समय दुनिया में किसी को अंदाजा नहीं रहा होगा कि यह वायरस विश्वभर के तकरीबन सभी देशों को अपनी चपेट में ले लेगा और जमकर तबाही मचाएगा। कोरोना से जुड़े आंकड़ों को छिपाने की वजह से चीन लगातार अमेरिका समेत कई देशों के निशाने पर रहा है। उसे संदिग्धभरी नजरों से देखा जाता रहा है। अब हाल ही में वुहान में कोरोना से जुड़ी एक ऐसी स्टडी सामने आई है, जिससे चीन पर झूठ बोलने को लेकर शक और गहरा रहा है। दरअसल, चीनी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई स्टडी में पाया गया है कि वुहान के कोरोना के जारी आधिकारिक आंकड़ों से वास्तविक आंकड़े दस गुना अधिक हो सकते हैं।

चीनी सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (सीडीसी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल तक शहर के 11 मिलियन (एक करोड़ दस लाख) लोगों में से लगभग 4.4 फीसदी लोगों में कोविड-19 पैदा करने वाले पैथोगन के खिलाफ एंटीबॉडी विकसित हुई थीं। इस हिसाब से अप्रैल तक वुहान के 4,80,000 लोग संक्रमित हो चुके थे, जबकि आधिकारिक आंकड़ा 50 हजार मामलों का ही है। यह दस गुना अधिक है। वुहान में कोरोना वायरस के आंकड़ों के बारे में अधिक जानकारी के चलते चीन ने कई लोगों पर जुल्म ढहाना शुरू कर दिया था। उसने व्हिसल-ब्लोवर्स को शांत करने और मामलों को रिपोर्ट नहीं करने के लिए तमाम कोशिशें कर रहा था। इसके चलते ही, पूरी दुनिया में चीन को आलोचना का सामना करना पड़ा था। वहीं, सोमवार को चीन के शंघाई की एक कोर्ट ने सिटीजन जर्नलिस्ट झांग झान को चार सालों के जेल की सजा सुनाई है। इसके पीछे यह वजह थी कि झांग ने वुहान की असलियत दुनिया के सामने लाने के लिए कई लाइव रिपोर्ट्स की थी। इससे खफा चीन ने उसको तरह-तरह से परेशान करना शुरू कर दिया और उसे दोषी करार दिया।



### वुहान में लगाया गया था 77 दिनों का लॉकडाउन

काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशन के ग्लोबल हेल्थ में सीनियर फेलो हुआंग यंझोंग ने एएफपी से बताया कि सीडीसी के आंकड़ों से सामने आई विसंगति जनवरी के अंत और फरवरी की शुरूआत में अराजकता के कारण संभावित अंडररिपोर्टिंग की ओर इशारा कर सकती है। उस समय बड़ी संख्या में लोगों की सही तरीके से कोरोना जांच नहीं की गई थी। सीडीसी ने कहा कि वुहान के बाहर मध्य हुबेई प्रांत में केवल 0.44 प्रतिशत लोगों ने वायरस के लिए एंटीबॉडी विकसित हुई थी। शहर में 77 दिनों के लिए लागू किए गए लॉकडाउन की वजह से बीमारी को फैलने से रोकने में मदद मिली।

### चीन के डेटा में क्यों है काफी अंतर

अप्रैल में किए गए देश भर के 34,000 से अधिक लोगों के सर्वे के निष्कर्ष सोमवार देर रात को जारी किए गए। चीन अपने आधिकारिक आंकड़ों में गैर-लक्षण वाले मामलों को शामिल नही करता है। इस वजह से भी सामने आए कुल मामलों और पुष्टि किए जाने वाले मामलों में अंतर समझा जा सकता है। नेशनल हेल्थ कमीशन के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार तक चीन में कोरोना वायरस के कुल मामले 87,027 हैं, जबकि अब तक 4,634 लोगों की मौत हुई है। चीन ने सिर्फ वुहान में ही लॉकडाउन लगाया था, जबकि भारत समेत अन्य देशों को पूरे देश में लॉकडाउन लगाना पड़ा था। इस वजह से चीन की इकॉनमी अन्य देशों से बेहतर रही है।

# सीबीएसई डेटशीट जारी करने से पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्री निशंक ने छात्रों को दिया मैसेज

नई दिल्ली ■ ब्यूरो



सीबीएसई 10वीं 12वीं परीक्षा की डेटशीट जारी करने से एक दिन पहले बुधवार को केंद्रीय शिक्षा निशंक ने छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और स्कूलों को भरोसा दिलाया है कि एग्जाम को लेकर जो भी फैसला लिया जाएगा, वह छात्रों के हित में लिया जाएगा। उन्होंने ट्वीट कर कहा, मैं अपने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं संस्थानों को आश्वस्त करता हूं कि परीक्षाओं संबंधी सभी निर्णय आपके हित एवं उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखकर ही लिए जाएंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री 31 दिसंबर यानी कल शाम 6 बजे सीबीएसई की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की तिथियों की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं को लेकर छात्रों में उलझन और भ्रम की स्थिति है ऐसे में तिथियों की घोषणा होने से स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। साल 2020 में हुई सीबीएसई की 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में 18 लाख और 12 वीं बोर्ड परीक्षा में 12 लाख छात्र में शामिल हुए थे। इस बार भी करीब इतने स्टूडेंट्स के इन बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने की उम्मीद है।

### मार्च के तीसरे सप्ताह से शुरू हो सकती हैं परीक्षाएं

जमशेदपुर (झारखंड) में सीबीएसई की रीजनल को-ऑर्डिनेटर, प्रज्ञा सिंह ने कहा, ?फिलहाल बोर्ड परीक्षा को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि बोर्ड से नहीं की गई है, पर जेईई की परीक्षा फरवरी व मार्च में होगी। जेईई की परीक्षा के बाद ही बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन होगा। संभवतः मार्च के तीसरे या अंतिम सप्ताह से परीक्षाएं शुरू की जा सकती हैं।

## सबके लिए घर अभियान एक से

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए साल के पहले दिन उत्तर प्रदेश समेत छह राज्यों में लाइटहाउस परियोजना की नींव रखेंगे। केंद्रीय आवासीय व शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी के मुताबिक, एक जनवरी को पीएम उत्तर प्रदेश, झारखंड, त्रिपुरा, मध्य प्रदेश, गुजरात और तमिलनाडु में इस परियोजना की नींव रखेंगे। पुरी ने ट्वीट में कहा, पीएम का सबके लिए घर दृष्टिकोण उस समय एक नई गति पकड़ेगा, जब वे लाइटहाउस परियोजना की नींव का पत्थर एक जनवरी को रखेंगे।

## महोबा में गाय बचाओ किसान बचाओ पदयात्रा निकाल रहे कांग्रेसियों पर लाठीचार्ज, पुलिस कर्मी भी घायल

महोबा ■ एजेंसी



गाय बचाओ किसान बचाओ पदयात्रा में जुटे किसानों व कांग्रेसियों को दो सौ मीटर चलने के बाद पुलिस ने रोक दिया। प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन भेजा गया। भीड़ को पुलिस ने लाठियों के बल पर खदेड़ दिया। एसडीएम राजेश यादव, व सीओ सदर कालूसिंह के नेतृत्व में कबरई के मुख्य चौराहे में तैनात भारी फोर्स के साथ मोर्चा संभाले थे। यात्रा के दौरान करीब आधा घंटा कानपुर-सागर हाईवे पर वाहन दोनों तरफ जाम में फंसे है।बुधवार को कबरई में कांग्रेसियों की पदयात्रा के आते ही उसे आगे जाने से रोक दिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, युवा नेता सागर सिंह सहित सभी प्रमुख नेताओं को कबरई के मुख्य चौराहे के पहले ही गिरफ्तार कर लिया। सुबह करीब 10 बजे युवा नेता सागर सिंह के नेतृत्व में किसानों व कांग्रेसियों की भीड़ जुटने शुरू हो गई। भीड़ देख महोबा सहित विभिन्न थानों के फोर्स को मुख्य चौराहे में तैनात कर दिया गया। पुलिस फोर्स ने कार्यक्रम स्थल वर्कशाप के मुख्य गेट को बंद कर कार्यकर्ताओ व किसानों को बाहर नहीं निकलने दिया। बाद में कार्यकर्ता गेट खोलकर नारे बाजी करते हुए पदयात्रा पर निकल पड़े। पुलिस बल ने उन्हें रोक दिया व प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। भारी भीड़ पर लाठी चार्ज कर तीतर बितर कर दिया। सीओ सिटी कालूसिंह ने बताया कि पदयात्रा के आयोजकों को जिले में 144 धारा लागू होने की जानकारी दे कर पदयात्रा पर रोक लगा दी गई थी। कार्यक्रम में महासचिव रोहित चौधरी,लल्लू साहू,युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष छत्रपाल चौधरी, जिलाध्यक्ष तुलसीदास, अखिलेश, ब्रजराज सिंह, संतोष कुमार धुरिया मौजूद रहे।

## तमिलनाडु : विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी में शामिल हुए पूर्व भारतीय क्रिकेटर एल शिवरामकृष्णन

चेन्नई ■ एजेंसी



पूर्व भारतीय क्रिकेटर एल शिवरामकृष्णन आज चेन्नई में बीजेपी में शामिल हो गए। उन्होंने पार्टी के नैशनल सेक्रटरी और तमिलनाडु प्रभारी सी टी रवि की मौजूदगी में बीजेपी की सदस्यता ली। बता दें कि तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, जिसमें बीजेपी अपनी स्थिति मजबूत बनाने के लिए हर संभव कोशिश में जुटी हुई है।

इससे पहले बुधवार को ही कांग्रेस छोड़ बीजेपी में आई खुशबू सुंदर ने भी ट्वीट किया था कि उनके दो अच्छे दोस्त बीजेपी में शामिल होने वाले हैं। बीजेपी तमिलनाडु में कई नामी हस्तियों को पार्टी में शामिल करवा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को तमिल अभिनेता पीए सुब्रमणियम और डीएमके-सीपीआईए के भी कई सदस्य बीजेपी में शामिल हुए हैं। हालांकि, शिवरामकृष्णन का राजनीति में आना एक सरप्राइज ही है। शिवकुमार को पहले बार दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्रोफी मैच के दौरान पहचान मिली और यहीं से उनका चयन भारतीय क्रिकेट टीम के 1982-83 में हुए पाकिस्तान दौरे के लिए हुआ। शिवा ने सिर्फ 17 साल की उम्र में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वह कमेंटेटर हमे। वह आईसीसी की क्रिकेट कमेटी में प्लेयर्स रेप्रेजेनटेटिव हैं। तमिलनाडु में फिलहाल बीजेपी सत्ताधारी एआईएडीएमकेके साथ गठबंधन में है।

## कोरोना की वजह से गणतंत्र दिवस समारोह में हुए बदलाव, सिर्फ 25 हजार लोग होंगे शामिल

नई दिल्ली ■ ब्यूरो



साल 2020 में कोरोना का खतरा पूरी दुनिया पर तो छाया ही रहा और अब इस खतरे की वजह से ही गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर कई बदलाव किए गए हैं। हर साल 26 जनवरी को राजपथ पर मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस की परेड की लंबाई कम कर दी गई है इसमें शामिल होने वाले लोगों की संख्या भी घटा दी गई है।

इस मामले के जानकार एक सूत्र ने बताया कि इस साल गणतंत्र दिवस पर 25 हजार से ज्यादा लोग शामिल नहीं हो पाएंगे। आमतौर पर यह संख्या 1 लाख होती है। इतना ही नहीं 15 साल से कम उम्र के बच्चों को भी परेड देखने के लिए अनुमति नहीं मिलेगी। अधिकारियों ने बताया कि सशस्त्र बलों और पैरा मिलिटरी की ओर से मार्च करने वाली टुकड़ियां भी छोटी रहेंगी। इन टुकड़ियों में सिर्फ 96 लोग होंगे, जहां पहले इसमें 144 लोग होते थे। इस बार परेड का रूट भी छोटा कर दिया गया है जिस वजह से यह विजय चौक से शुरू होकर नैशनल स्टेडियम पर ही खत्म हो जाएगी, जबकि पहले यह परेड लाल किले पर खत्म होती थी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संख्या भी बेहद कम होगी। इस साल स्वतंत्रा दिवस समारोह पर भी कोरोना की मार पड़ी थी, जिसके परिणामस्वरूप इस समारोह में स्कूली छात्र शामिल नहीं हुए थे और वीआईपी मेहमानों की संख्या भी कम थी।

राजनीति ➤ मौजूदा राजनीतिक हालात में कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं

# तमिलनाडु में डीएमके के रुख से बढ़ रही कांग्रेस की टेंशन, रजनीकांत के फैसले से मिल रही राहत

नई दिल्ली ■ ब्यूरो



तमिलनाडु विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहे हैं, कांग्रेस की धड़कनें तेज हो रही हैं। क्योंकि एक तरफ जहां पार्टी की चुनाव को लेकर कोई तैयारी नहीं है, वहीं डीएमके का रुख भी पार्टी की चिंता बढ़ा रहा है। डीएमके लगातार संकेत दे रहा है कि वह गठबंधन में ज्यादा सीट देने के लिए तैयार नहीं है। बिहार की तरह तमिलनाडु में भी कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। वर्ष 2011 के चुनाव में पार्टी ने 63 सीट पर चुनाव लड़ा और सिर्फ पांच सीट जीती थी। वर्ष 2016 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 41 सीट पर चुनाव लड़ा और 8 सीट जीती। हालांकि, 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने 8 सीट पर जीत दर्ज करते हुए करीब 13 फीसदी वोट हासिल किया।

तमिलनाडु के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि 2016 के मुकाबले इस वक्त कांग्रेस की स्थिति मजबूत है। मुस्लिम और क्रिश्चियन मतदाता कांग्रेस के साथ हैं। प्रदेश में करीब 17 फीसदी मुस्लिम और ईसाई मतदाता हैं और विधानसभा की करीब 90 सीट पर असर डालते हैं। इसलिए पार्टी के पिछले चुनावी प्रदर्शन या बिहार चुनाव से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। इन सबके बावजूद पार्टी की स्थिति बहुत मजबूत नहीं है। प्रदेश प्रभारी दिनेश गुंडूराव के साथ बैठक प्रदेश नेताओ के साथ बैठक में यह मुद्दा पूरी शिद्दत के साथ उठा। प्रदेश कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि सभी पार्टियां चुनाव तैयारी शुरू कर चुकी है, पर हमारी अभी चुनाव से सम्बंधित समिति तक नहीं बनी है।

### विपक्ष की स्थिति मजबूत हुई

रजनीकांत के पार्टी नहीं बनाने के ऐलान से भी विपक्ष की स्थिति मजबूत हुई है। पार्टी नेता मानते हैं कि रजनीकांत के सियासत में कदम रखने के बाद सरकार विरोधी वोट कटने के खतरा बढ़ सकता था। पर अब ऐसा नहीं है। यही वजह है कि वह पुडुचेरी में अलग राह पकड़कर डीएमके तमिलनाडु में संकेत देने की कोशिश कर रहा है। तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस नेता मानते हैं कि मौजूदा राजनीतिक हालात में कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में डीएमके पिछले चुनाव के मुकाबले कुछ कम सीट पर भी समझौता कर सकती है। पर डीएमके ने ज्यादा दबाव डालने की कोशिश की तो कांग्रेस लेफ्ट पार्टी, मुस्लिम लीग और दूसरी छोटी पार्टियों के साथ गठबंधन करने पर विचार कर सकती है।

## न्यूज. ब्रीफ

### गांगुली ने दूसरे टेस्ट की जीत को बताया विशेष, अगले मैचों के लिए दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में टीम इंडिया को मिली शानदार जीत पर खुशी जतायी है। गांगुली ने देर रात ट्वीट किया, श्एमसीजी में स्पेशल जीत। भारत यहां खेलना पसंद करता है। शाबाश अजिंक्य रहाणे, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन सहित सभी को बधाई। अगले दो मैचों के लिए भी शुभकामनाएं।श् मेलबर्न टेस्ट में मिली जीत भारतीय टीम के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। कप्तान अजिंक्य रहाणे, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और शुभमन गिल के शानदार खेल की बदौलत भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में वापसी करने में सफल रहा है। भारतीय टीम ने बुमराह, अश्विन और सिराज की घातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में केवल 195 रनों पर ही समेट दिया था। इसके बाद रहाणे ने 112 रनों की शतकीय पारी खेली। उनके अलावा ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा ने 57 रन और शुभमन गिल ने 45 रन बनाए।

### आचार संहिता उल्लंघन के लिए न्यूजीलैंड टीम के तेज गेंदबाज पर जुर्माना

**दुबई।** आईसीसी ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमिसन पर माउंट मौंगानुई में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गये पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन आचार संहिता के लेवल-1 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 फीसदी जुमार्ना लगाया है। आईसीसी ने अपने एक बयान में कहा कि जैमिसन को आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 (एक अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान खतरनाक तरीके से किसी खिलाड़ी के आसपास गेंद थ्रो कर-के आचार संहित के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। इसके लिए जैमिसन के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक नकारात्मक अंक भी जोड़ा गया है। लेवल-1 के उल्लंघन के तहत खिलाड़ियों को अधिकारियों की ओर से फटकार और उनकी 50 फीसदी मैच फीस काटी जाती है। इसके साथ ही उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक या 2 नकारात्मक अंक जोड़े जाते हैं। जब किसी खिलाड़ी को 2 साल की अवधि के भीतर 4 या इससे ज्यादा नकारात्मक अंक मिलते हैं तो उसे निलंबित भी किया जा सकता है, यहां तक कि उस पर प्रतिबंध भी लग सकता है। वहीं इस मामले में जैमिसन ने अपना अपराध और जुर्माने को स्वीकार किया है। इसलिए मामले में औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी।

### जेसन होल्डर की शानदार बल्लेबाजी से सिडनी सिक्सर्स ने मेलबोर्न को हराया

**सिडनी।** जेसन होल्डर की शानदार बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया घरेलू टी20 लीग बिग बैश क्रिकेट लीग (बीबीएल) में सिडनी सिक्सर्स ने मेलबोर्न रेनेगेड्स को हरा दिया। इस 18वां मैच में सिडनी ने दो विकेट से जीत हासिल की है। होल्डर ने अतिम ओवर में 16 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस मैच में मेलबर्न ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान आरोन फिंच के 39 रन और शॉन मार्श के 67 रनों की सहायता से 6 विकेट खोकर 168 रन बनाए। वहीं अन्य खिलाड़ी 20 रनों तक भी नहीं पहुंच पाये। वहीं सिडनी की ओर से गेंदबाजी करते हुए कार्लोस ब्रथवैड और क्रिसटीन ने 2-2 विकेट जबकि बेन मनेंटी और जेनस होल्डर ने एक-एक विकेट लिया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए सिडनी की टीम ने अच्छी शुरूआत की और पहले विकेट के लिए 53 रन बनाये पर इसके बाद लगातार विकेट गिरने से यह मुकाबला उसके हाथ से निकलने गया।

### ईपीएल में एक सप्ताह में कोरोना के सबसे ज्यादा मामले मिले

**लंदन।** कोरोना महामारी के मामले इंग्लैड फुटबॉल जगत में बढ़ते जा रहे हैं। पिछले एक सप्ताह के अंदर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में कोरोना वायरस के सबसे ज्यादा मामले मिले हैं। ईपीएल के अनुसार 21 से 27 दिसंबर के बीच खिलाड़ियों और क्लबों के स्टाफ के कुल 1479 परीक्षण किये गये जिनमें से 18 लोग संक्रमित पाये गया है हालांकि किसी की भी पहचान उजागर नहीं की गयी है पर मैनचेस्टर सिटी क्लब ने पूर्व में घोषणा की थी कि स्ट्राइकर गैब्रियल जीसस और डिफेंडर काइल वाकर का परीक्षण पॉजीटिव आया है। वहीं मैनचेस्टर में कुछ अन्य मामले भी पॉजीटिव आने के कारण सोमवार को एवर्टन के खिलाफ उसका मैच स्थगित कर दिया गया था। इससे पहले भी ईपीएल में पिछले महीने संक्रमण के 16 मामले पाये गये थे।




चीन में बास्केटबाल लीग मुकाबले में खेलते हुए लीसर हटसन व अन्य खिलाड़ी।

# तीसरे टेस्ट के लिए पुकोवस्की, सीन एबॉट और वॉर्नर की वापसी, बर्न्स आखिरी 2 टेस्ट से बाहर

सिडनी ■ एजेंसी

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को भारत के खिलाफ तीसरे और चौथे टेस्ट के लिए 18 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। टीम में ओपनर डेविड वॉर्नर और विल पुकोवस्की और तेज गेंदबाज सीन एबॉट की वापसी हुई। वहीं, जो बर्न्स को अगले 2 मैचों के लिए ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड से बाहर कर दिया गया। तीसरा टेस्ट मैच 7 जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। वॉर्नर को भारत के खिलाफ पिछले वनडे में चोट लगी थी। वे ग्रोइन इंजरी से जूझ रहे थे। इसके बाद वे उन्हें टी-20 सीरीज और पहले 2 टेस्ट से बाहर कर दिया गया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के



चीफ सिलेक्टर ट्रेवर होंस ने कहा, "वॉर्नर रिकवर कर चुके हैं। हम उन्हें प्रैक्टिस और ट्रेनिंग का भरपूर मौका देंगे। सिडनी टेस्ट में अभी एक हफ्ते से ज्यादा समय बचा है। वह सिडनी टेस्ट तक फिट हो जाएंगे।" होंस ने कहा कि सीन एबॉट भी काफ स्ट्रेन से रिकवर हो चुके हैं और सिलेक्शन के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि पुकोवस्की, वॉर्नर और एबॉट गुरुवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़ जाएंगे।

### बर्न्स खराब फॉर्म की वजह से बाहर किए गए

होंस ने कहा, "बर्न्स का प्रदर्शन भारत के खिलाफ 2 टेस्ट में अच्छा नहीं रहा। बर्न्स की वापसी वैसी नहीं रही जैसी वह और चयनकर्ता चाहते थे। इसलिए वह अब बिग बैश लीग जॉइन करेंगे और ब्रिस्बेन हीट से खेलेंगे।"

### प्रैक्टिस मैच में चोटिल हुए थे पुकोवस्की

पुकोवस्की प्रैक्टिस मैच में कन्कशन का शिकार हुए थे। इसके बाद भारत के खिलाफ शुरूआती दो टेस्ट मैचों से भी बाहर हो गए थे। होंस ने कहा कि पुकोवस्की लगभग फिट हो चुके हैं। कन्कशन के प्रोटोकॉल के मुताबिक उन्हें थोड़ा और रिकवर होना है। पिछले कुछ दिनों में वे एकदम फिट दिखे हैं। सिडनी टेस्ट तक वे फिट हो जाएंगे।

वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप: 6 मुकाबले खेलने हैं भारतीय टीम को

# फाइनल की रेस में 3 टीमें, भारत को टॉप-2 में बने रहने के लिए 120 पॉइंट की जरूरत है

दुबई ■ एजेंसी

वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप की दौड़ अब रोमांचक हो गई है। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट जीतकर खुद को फाइनल की रेस में खड़ा कर लिया है। टीम इंडिया को अभी 2 सीरीज में कुल 6 मुकाबले खेलने हैं। यदि न्यूजीलैंड की टीम पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज 2-0 से जीत लेती है तो इससे टीम इंडिया के लिए परेशानी हो सकती है। ऐसे में टीम इंडिया को टॉप-2 में जगह पक्की करने के लिए 6 में 3 मुकाबले जीतने होंगे। वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल अगले साल जून में पॉइंट्स टेबल में टॉप-2 टीमों के बीच खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया, भारत और न्यूजीलैंड की टीमों के बीच टॉप-2 में पहुंचने के लिए जंग जारी है। हालांकि साल का अंत भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप में दूसरे नंबर पर रहकर करेगी। नए सिस्टम में टीमों की रैंकिंग उनके पॉइंट्स के आधार पर नहीं, बल्कि पॉइंट्स के पर्सेंटेज के आधार पर की जा रही है।



### ऑस्ट्रेलिया टॉप और भारत दूसरे नंबर पर

दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम ने जीत हासिल की। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच बस 4.2% का फर्क रह गया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम हळ्ड के पाइंट्स टेबल 76.6% के साथ टॉप पर है। वहीं, भारत 72.2% के साथ दूसरे नंबर पर है। पाकिस्तान के खिलाफ जीत के बाद न्यूजीलैंड ने तीसरे स्थान पर अपना दावा और मजबूत कर लिया। न्यूजीलैंड 66.7% के साथ तीसरे और इंग्लैंड 60.8% के साथ चौथे नंबर पर है। हालांकि इसके बाद की टीमों का पॉइंट्स पर्सेंटेज चौथे नंबर पर काबिज इंग्लैंड का लगभग आधा है। उन्हें पॉइंट्स टेबल में ऊपर आने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ेगी और लगभग सभी मैच और सीरीज जीतने होंगे।

### पाक और साउथ अफ्रीका के लिए राह मुश्किल

पाकिस्तान की टीम 34.6% के साथ पांचवें और साउथ अफ्रीका 28% के साथ छठवें नंबर पर है। श्रीलंका 26.7% के साथ सातवें और वेस्टइंडीज 11.1% के साथ 8वें नंबर पर है। नीचे की 4 टीमों का पॉइंट्स टेबल में ऊपर आना बेहद मुश्किल माना जा रहा है।

### न्यूजीलैंड टीम भी मजबूत दावेदार

अभी जिस तरह की स्थिति है उसमें सिर्फ न्यूजीलैंड और इंग्लैंड ही ऐसी टीमें हैं जो भारत और ऑस्ट्रेलिया को टॉप-2 से नीचे कर सकने की स्थित में हैं। न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को टेस्ट सीरीज में हराया था। वहीं, इंग्लैंड को फरवरी में भारत के खिलाफ 4 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है।

### रोमांचक हो जाएगी टेस्ट चैम्पियनशिप

न्यूजीलैंड पाकिस्तान के खिलाफ दूसरा टेस्ट भी जीत लेता है। साथ ही इंग्लैंड भारत को हरा देता है और ऑस्ट्रेलिया साउथ अफ्रीका से हार जाता तो ये टेस्ट चैम्पियनशिप बहुत रोमांचक हो जाएगी। क्योंकि, पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहने वाली दो टीमें जून में होने वाले फाइनल में आमने-सामने होंगी।

### टीम इंडिया को टॉप-2 में बने रहने के लिए 120 पॉइंट चाहिए

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज शुरू होने से पहले भारत का औसत पॉइंट 75, न्यूजीलैंड का 62.50 था। अब यदि न्यूजीलैंड की टीम पाक से सीरीज 2-0 से जीत लेती है तो उसका औसत 70 हो जाएगा। ऐसे में टीम इंडिया को 70 से अधिक औसत के लिए करीब 120 पॉइंट की जरूरत है। भारत को अभी 2 सीरीज में कुल 6 मुकाबले खेलने हैं। इनमें से टीम को 4 मैच जीतने होंगे। 2 जीत और 4 ड्रॉ रहने पर भी टीम इंडिया टॉप-2 में क्वालिफाई कर जाएगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक और जीत राह आसान कर देगी। ऑस्ट्रेलिया यदि भारत के खिलाफ चार मैचों की सीरीज 3-1 से जीत लेता है और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम सीरीज 1-1 से ड्रॉ भी रहती है तो वह टॉप-2 में रहेगी।

### नया सिस्टम कैसे काम करता है?

कोई टीम अगर अपनी सभी 6 सीरीज खेलती है तो अधिकतम 720 पॉइंट्स पा सकती है। 6 सीरीज में अगर टीम के कुल 480 पॉइंट्स होते हैं तो उसका पर्सेंटेज पॉइंट 66.67% होगा। वहीं, कोई टीम अगर 5 सीरीज ही खेलती है तो मैक्सिमम पॉइंट्स 600 हो जाएंगे। पांच सीरीज खेलने वाली इस टीम के अगर 450 पॉइंट्स होते हैं तो उसका पर्सेंटेज पॉइंट्स 75% होंगे। ऐसे में 5 सीरीज खेलने वाली टीम 6 सीरीज खेलकर 480 पॉइंट्स पाने वाली टीम से ऊपर रहेगी।

### कैसे बांटे जाते हैं पॉइंट

एक सीरीज में चाहे दो मैच हों, चाहे पांच, सीरीज के लिए कुल 120 पॉइंट्स होते हैं। इस तरह छह सीरीज के लिए अधिकतम 720 पॉइंट्स होंगे। यानी, अगर दो मैच की सीरीज है तो एक मैच जीतने पर टीम को 60 पॉइंट्स मिलते हैं। वहीं, पांच मैचों की सीरीज है तो एक मैच जीतने पर 24 पॉइंट्स मिलते हैं। मैच ड्रॉ होने पर दोनों टीमों को बराबर पॉइंट्स मिलते हैं। 1 अगस्त 2019 को इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया टेस्ट मैच इस चैम्पियनशिप का पहला मैच था।

# न्यूजीलैंड टीम ने पाकिस्तान को 101 रन से हराया: चार ओवर शेष रहते जीता पहला टेस्ट मैच

माउंट मॉन्गानुई ■ एजेंसी

न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। माउंट मॉन्गानुई में खेले गए पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 101 रन से हरा दिया। पाकिस्तान ने चौथे दिन का खेल खत्म होने तक 38 ओवर में 3 विकेट खोकर 71 रन बना लिए थे। पांचवें दिन पाकिस्तान टीम को जीतने के लिए 302 रन की दरकार थी, लेकिन टीम 123.3 ओवर में 271 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस जीत के साथ कीवी टीम पहली बार आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया को हटाकर नंबर-1 पर पहुंच गई है। यह न्यूजीलैंड टीम की टेस्ट में लगातार 5वीं जीत है।



### निकोल्स और वॉटलिंग की फिफ्टी

वहीं, निकोल्स ने टेस्ट करियर की 10वीं फिफ्टी लगाई। निकोल्स 56 रन बनाकर नसीम शाह की बॉल पर आउट हुए। वहीं यासिर शाह ने विलियम्स को हरीस सोहैल के हाथों कैच कराया। वे 297 बॉलपर 129 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज बीजे वॉटलिंग ने 73 रन की पारी खेली।

### पहली पारी में विलियम्सन ने लगाया शतक

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में न्यूजीलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 13 रन पर ही 2 विकेट गंवा दिए थे। शाहीन अफरीदी ने दोनों विकेट लिए। इसके बाद कप्तान विलियम्सन और रॉस टेलर ने तीसरे विकेट के लिए 120 रन की पार्टनरशिप की। इस दौरान टेलर ने टेस्ट करियर की 34वीं फिफ्टी लगाई। वे 70 रन बनाकर शाहीन अफरीदी की गेंद पर विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान को कैच दे बैठे।

# इस हफ्ते मेलबर्न में ही रहेगी भारतीय टीम, रोहित शर्मा टीम इंडिया से जुड़े

मेलबर्न ■ एजेंसी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में तीसरा टेस्ट खेला जाएगा। हालांकि इस हफ्ते यानी नए साल तक टीम इंडिया मेलबर्न में ही रहेगी। टेस्ट शुरू होने से 3 दिन पहले टीम सिडनी पहुंचेगी। वहीं, ओपनर रोहित शर्मा ने बुधवार को टीम इंडिया के बायो बबल में एंट्री की। उनके तीसरे टेस्ट में खेलने पर सस्पेंस जारी है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अंतरिम सीईओ निक हॉक्ले ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। 7 जनवरी से सिडनी में तीसरा टेस्ट खेला जाएगा। हॉक्ले ने कहा, "मंगलवार को हमने सिडनी में पिंक टेस्ट कराने को लेकर कहा था। हम सीरीज को लेकर अपने प्लान्स को लेकर प्रतिबद्ध हैं। हम अपनी रणनीति को सुरक्षित तरीके से लागू कर रहे हैं। सभी खिलाड़ी फिलहाल मेलबर्न में ही कुछ दिनों तक ट्रेनिंग करेंगे। 4 जनवरी तक टीमें मेलबर्न में रहेंगी और इसके बाद सिडनी पहुंचेंगी। वहीं, न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर ग्लैडी बेरेजीक्लियन ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार SCG में 50% दर्शकों (24,000) को मैदान में आने की अनुमति दे सकती है। हॉक्ले ने कहा, श्मुझे लगता है कि न्यू साउथ वेल्स प्रीमियर की टिप्पणी आधार है। हम आने वाले दिनों में ठरह और SCG के साथ मिलकर काम करेंगे। आखिर में हम सरकार की सलाह लेंगे कि हमें किस तरह से सुरक्षा मिल सकती है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा लोग नए साल में होने वाले टेस्ट का आनंद लें। इसलिए सुरक्षा हमारा लक्ष्य है। 50% पर बात चल रही है। अगर हम ज्यादा लोग ला सकते हैं तो हम इस पर काम करेंगे, लेकिन सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।



### रोहित टीम इंडिया से जुड़े

वहीं रोहित शर्मा बुधवार को मेलबर्न में टीम इंडिया से जुड़ गए। वे सिडनी में क्वारैंटाइन थे। उनका क्वारैंटाइन पीरियड 29 दिसंबर को खत्म हुआ। वे टीम के साथ ही मेलबर्न से सिडनी शिफ्ट होंगे। हालांकि उनके खेलने पर अभी भी सस्पेंस जारी है। टीम इंडिया के कोच रवि शास्त्री ने मंगलवार को कहा था कि फिटनेस देखने के बाद ही तीसरे टेस्ट में उन्हें शामिल करने पर निर्णय लिया जाएगा।

### मयंक, हनुमा में से किसी एक हो बैठना होगा बाहर

**मेलबर्न।** दूसरे टेस्ट में मिली शानदार जीत से उत्साहित टीम इंडिया अब सिडनी में होने वाले तीसरे टेस्ट में किस रणनीति से उतरती है यह देखना होगा। मेलबर्न टेस्ट में पांच गेंदबाजों को लेकर उतरने की भारत की रणनीति सफल रही है पर सिडनी में तीसरे टेस्ट के लिए सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की वापसी के बाद पारी की शुरूआत कौन करेगा यह देखना होगा। सलामी बल्लेबाज के तौर पर रोहित काफी बेहतर माने जाते हैं पर इस दौरे में अभी तक उन्हें अभ्यास का अवसर नहीं मिला है, ऐसे में उन्हें सीधे ही शीर्षक्रम में उतरना संभव नजर नहीं आ रहा है। वहीं मुख्य कोच रवि शास्त्री ने मेलबर्न में आठ विकेट से मिली जीत के बाद कहा था, हम उससे बात करेंगे और देखेंगे कि शारीरिक तौर पर क्या स्थिति है क्योंकि वह दो हफ्ते से पृथकवास पर रहे हैं। यह भी देखना होगा कि वह कैसा अनुभव कर रहा है। रोहित बुधवार को मेलबर्न पहुंचकर टीम से जुड़े।

# साल 2020 में 16 प्रतिशत सस्ता हुआ क्रूड लेकिन पेट्रोल-डीजल नहीं हुआ सस्ता

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

साल 2020 में कच्चे तेल की कीमतें भले ही सस्ती रही रही लेकिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों से आम आदमी को राहत नहीं मिली। पूरे साल कीमतें या तो बढ़ीं या स्थिर बनी रही हैं। कभी-कभी कीमतों में मामूली कटौती हुई लेकिन देखा जाए तो जहां पूरे साल में क्रूड तकरीबन 16 फीसदी सस्ता हुआ, वहीं पेट्रोल और डीजल की कीमतों में जनवरी से 10 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ोत्तरी देखने को मिली।

बता दें कि मार्च में लॉकडाउन के बाद जहां क्रूड 20 डॉलर से नीचे खिसक गया था, उस दौर में भी पेट्रोल और डीजल में कटौती नहीं की गई। इस साल कितना हुआ महंगा



हुआ पेट्रोल और डीजल- इस साल जनवरी में दिल्ली में पेट्रोल सबसे कम 73.33 रुपए प्रति लीटर और डीजल 66.34 रुपए प्रति लीटर था। वहीं, 30 दिसंबर 2020 को दिल्ली में पेट्रोल 83.71 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है तो डीजल का भाव 73.87 रुपए प्रति लीटर है यानी पेट्रोल करीब 10 रुपए महंगा हुआ तो डीजल भी करीब 7 रुपए महंगा हो गया है। 31 दिसंबर को पेट्रोल और डीजल का भाव 75.14 रुपए प्रति लीटर और 67.96 रुपए प्रति लीटर था। मार्च में जब लॉकडाउन लगा तो उस महीने पेट्रोल और डीजल का हाई 71.75 रुपए प्रति लीटर और 64.34 रुपए प्रति लीटर था। जबकि लो 69.63 रुपए प्रति लीटर और 62.33 रुपए प्रति लीटर था। जून में तो पेट्रोल और डीजल का हाई 80.47 रुपए प्रति लीटर और 80.53 रुपए प्रति लीटर हो गया यानी डीजल तब पेट्रोल से महंगा बिकने लगा। वहीं दोनों का जून में लो 71.26 रुपए प्रति लीटर और 69.39 रुपए प्रति लीटर रहा।

# आगे बढ़ सकती है फास्टेग की समयसीमा

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

केंद्र सरकार ने टोल प्लाजा पर टोल कलेक्शन को आसान और सुरक्षित बनाने के लिए सभी चौपहिया गाड़ियों के लिए 1 जनवरी से फास्टैग को अनिवार्य करने का फैसला किया था। लेकिन सरकार अब इस समयसीमा को आगे बढ़ा सकती है। जानकारी के मुताबिक इसकी तारीख एक महीने बढ़ाई जा सकती है। इसकी वजह ये है कि अभी भी कई वाहन चालक कैश में टोल टैक्स दे रहे हैं।

मौजूदा समय में फास्टेग के जरिए कलेक्शन 75-78 फीसदी के आसपास है। अधिकारी ने कहा कि नकदी लेनदेन भी कानूनी तरीका है। किसी को भी नकदी लेनदेन से नहीं




रोका जा सकता है। लिहाजा बेहतर विकल्प यही है कि एमवी रुल को सख्ती से लागू करना होगा जिससे वैलिड फास्टेग अनिवार्य हो जाएगा। फास्टैग को अनिवार्य किए जाने के बाद टोल प्लाजा पर वाहनों को रुकना नहीं पड़ेगा और टोल शुल्क का भुगतान इलेक्ट्रॉनिक तरीके से हो जाएगा। फास्टैग की शुरूआत 2016 में हुई थी और चार बैंकों ने उस साल सामूहिक रूप से एक लाख टैग जारी किए थे। उसके बाद 2017 में सात लाख और 2018 में 34 लाख फास्टैग जारी किए गए।

मंत्रालय ने इस साल नवंबर में अधिसूचना जारी कर एक जनवरी, 2021 से पुराने वाहनों या एक दिसंबर, 2017 से पहले के वाहनों के लिए भी फास्टैग को अनिवार्य कर दिया। केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के अनुसार 1 दिसंबर, 2017 से नए चार पहिया वाहनों के पंजीकरण के लिए फास्टैग को अनिवार्य किया गया है।

इकोनॉमी — लॉकडाउन के बाद अप्रैल से जून की तिमाही में अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई

# अर्थव्यवस्था में रिकवरी: महामारी से निकलने को तैयार भारत, मंत्रालयों पर लगाए गए अंकुश अब ढीले हो रहे हैं

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत अब 2020 की महामारी के सबसे बुरे दौर से निकलने को तैयार है। वित्त मंत्रालय द्वारा कैश को संरक्षित करने के लिए वर्ष के शुरू में 80 से अधिक सरकारी विभागों और मंत्रालयों पर लगाए गए अंकुश को इस तिमाही में ढीला कर दिया गया है। जब नए खर्च की योजना को 1 फरवरी के बजट में पेश किया जाएगा तो इस साल के बजट को वर्तमान से बढ़ाकर 407 अरब डॉलर कर दिया जाएगा। इससे कोरोना महामारी से प्रभावित हालात को मदद करने के लिए बहुत जरूरी खर्च को बढ़ावा मिलेगा। अप्रैल से शुरू हुए वित्त वर्ष के 9 महीने बीत जाने हैं। इसके बाद भी कुल खर्च का आधा खर्च भी अभी तक नहीं हुआ है। कोरोना महामारी से उपजे हालात को वापस पटरी पर लाने के लिए सरकारी खर्च जितना ज्यादा करेगी, उससे रिकवरी में उतनी ज्यादा ही मदद मिलेगी। लॉकडाउन लगने के बाद अप्रैल से जून की तिमाही में अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई जिससे उबरने के अभी भी प्रयास किए जा रहे हैं।



### कई और उपायों की घोषणा

बजट खर्च के अलावा, मोदी सरकार ने उन उपायों की घोषणा की है जो उसने कहा है कि व्यवसायों और नौकरियों को बचाने के लिए अतिरिक्त 30 लाख करोड़ रुपए (जीडीपी का 15%) की मदद दी है। हालांकि, इस पैकेज को कुछ अर्थशास्त्रियों ने नाकाफी करार दिया और कहा कि यह सकल घरेलू उत्पाद के 2% से भी कम था क्योंकि इसमें ज्यादातर लोन गारंटी थी।

# सब्जी बीडर, प्लांटेशन की नई मशीनों पर किसानों को मिलेगा अनुदान

## उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने किया निरीक्षण

**ग्वालियर।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण (स्वतंत्र प्रभार) एवं नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भरत सिंह कुशवाह ने कहा कि लहसुन, प्याज, भिण्डी आदि उद्यानिकी फसलों की बुवाई, प्लांटेशन की केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी द्वारा निर्मित नई मशीनें किसानों को उपलब्ध करवाने में सरकार अनुदान देगी। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने संस्थान में नई विकसित और विकसित की जा रही मशीनों का अवलोकन करने के बाद यह बात कही।

राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान नबीबाग में प्रसंस्करण मशीनों का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्याज भंडारण के लिए बहुत ही कम कीमत में नई तकनीक से विकसित तकनीक को भी समझा और इसकी सराहना की। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि उद्यानिकी फसलों की खेती करने वाले किसानों के लिए बुवाई, पौध रोपाई, निराई गुडाई आदि के लिए हाल ही में विकसित मशीने और तकनीक किसानों के जीवन में चमत्कारिक बदलाव ला सकती है। जरूरत है किसानों को इन मशीन और तकनीकों को अपनाने में मदद देने की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परम्परागत मशीनों के स्थान पर उन्नत नई मशीनों को अनुदान सूची में शामिल करने के निर्देश दिए। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि किसानों को सब्जी और फलों की खेती के लिए विकसित नई मशीनों को खरीदने पर अनुदान दिया जाएगा।



**सब्जी, मसाले और फलों का प्रसंस्करण किसान खुद करेंगे**–राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कृषि अभियांत्रिकी संस्थान के भ्रमण के बाद राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित फल अनुसंधान केन्द्र ईंटखेड़ी का अवलोकन किया। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने केन्द्र में मसाले और फलों की प्रसंस्करण इकाई को देखा। उन्होंने कहा कि प्रसंस्करण की यह छोटी-छोटी इकाइयों का लाभ किसानों को भी मिलेगा। इन इकाइयों को किसान खुद संचालित कर सकता है। उन्होंने कहा कि अब उद्यानिकी कृषक केवल सब्जी, फलों की फसले उत्पादित ही नहीं करेगा बल्कि इनका प्रसंस्करण भी करेगा। किसान उद्यानिकी फसल को कच्चे उत्पाद को व्यापारियों को कम कीमत पर नहीं बल्कि प्रसंस्करण कर धनिया, हल्दी, मिर्ची, मसाले, टमाटर, आलू आदि का प्रसंस्करण कर तैयार सामग्री सीधे उपभोक्ताओं तक देगा। इसके लिए किसानों को छोटी फुड प्रोसेसिंग इकाई लगाने में और फुड प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण देने में उद्यानिकी विभाग द्वारा योजना बना ली गई है।

राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान नबीबाग में संस्था की गतिविधियों का अवलोकन कर निदेशक डॉ. आर.सी. मेहता से कहा कि वह मंत्री के रूप में नहीं एक किसान के रूप में संस्थान की मशीनों को देखने आये हैं। इन मशीनों का लाभ राज्य के उद्यानिकी कृषक ले यह सुनिश्चित करना है। फल अनुसंधान केन्द्र में डॉ. शालिनी चक्रवर्ती ने फल प्रसंस्करण प्लांट और कृषकों को दिए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी दी।

# रबी फसलों को पाले से बचाने के लिए किसानों को उपयोगी सलाह

**ग्वालियर।** लगातार चल रही शीत लहर एवं इस कारण गिरते हुए तापमान की वजह से रबी फसलों में पाला पड़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इस बात को ध्यान में रखकर किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग ने रबी फसलों को पाले से बचाने के लिये किसानों को उपयोगी सलाह दी है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास डॉ. आनंद बड़ोनिया ने किसानों को सलाह दी है कि पाला पड़ने की संभावना हो तब खेतो में सिंचाई कर देना चाहिए। नमी युक्त खेत में काफी देर तक गर्मी रहती है और खेत का तापमान एक दम से कम नहीं होता है। इससे पाला पड़ने की संभावना कम हो जाती है। उन्होंने बताया कि यदि तापमान में अत्यधिक गिरावट हो और जिस रात पाला पड़ने की संभावना हो उस रात 12 बजे से 2 बजे के बीच खेती की उत्तर - पश्चिम दिशा में खेत के किनारे फसल के आस-पास की मेढ़ों पर 10 से 20 फुट के अंतराल पर कूड़ा-कचरा एवं घास-फूस जलाकर धुँआ करना चाहिए। इससे वातावरण में गर्मी आती है। पाले से बचाव के लिये सभी प्रकार की रबी फसलों पर 20 से 25 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर के हिसाब से सल्फर डस्ट या घुलनशील सल्फर 3 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव किया जा सकता है। अगर पाला पड़ ही गया है तो सुबह-सुबह एक लम्बी रस्सी लेकर खेत के दोनों ओर दो व्यक्ति उस रस्सी को पकड़कर इस तरह से चलें जिससे रस्सी की रगड़ से पौधे हिल जाएँ और उन पर जमी बर्फ या ओस की बूँद झड़कर नीचे गिर जाए। इस प्रक्रिया से कुछ हद तक पाले के नुकसान से बचा जा सकता है। उल्लेखनीय है रबी की फसलों में फूल बनने या बालियाँ-फलियाँ बनते समय शीतकाल में तापमान जब शून्य डिग्री सेल्सियस से नीचे गिरता है तब हवा रूक जाती है।

# मप्र बनाएगा विकास के क्षेत्र में अलग पहचान

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के नागरिकों को नववर्ष की बधाई दी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश आने वाले वर्षों में विकास के क्षेत्र में अलग पहचान बनाएगा। आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को पूरा करने में मध्यप्रदेश आगे रहेगा। इसके लिए प्रदेश के हर नागरिक को अपनी भागीदारी भी करना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नव वर्ष के अवसर पर प्रदेश के नागरिकों को बधाई देते हुए अपेक्षा की है की प्राकृतिक संपदा से परिपूर्ण इस राज्य को बेहतर मानव संसाधन का लाभ मिलेगा। हर व्यक्ति प्रगति में अपनी प्रत्यक्ष भागीदारी सुनिश्चित करेगा। मध्य प्रदेश सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए चिंतित और प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि गत 9 माह में लिए गए निर्णय यह सिद्ध करते हैं कि कृषि, ग्रामीण विकास, अधोसंरचना, औद्योगिक विकास, शहरी कल्याण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल संसाधन, जनजातीय विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं। माफिया चाहे किसी भी तरह का हो राज्य में पैर नहीं फैला पाएगा। मिलावट के विरुद्ध राज्य सरकार ने सख्त अभियान चलाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन स्थापित कर हम मध्यप्रदेश को बेहतर राज्य बनाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश लोक सेवा प्रदाय गारंटी अधिनियम में अध्यादेश के माध्यम से संशोधन कर प्रावधान किया जा रहा है कि सेवा प्रदाय की तय सीमा तक यदि आवेदक को अधिकारी द्वारा सेवा प्रदाय नहीं की जाती है तो वे सेवायें स्वतः ही निर्धारित समय-सीमा के बाद आवेदक को मिल जाएंगी। इसे डीम्डे सेवा कहा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून में संशोधन कर मिलावट के दोषियों को 6 माह के कारावास और एक हजार रुपये तक के जुर्माने के स्थान पर आजीवन कारावास और जुर्माना प्रतिस्थापित किया गया है। मिलावट करने वाले को आजीवन कारावास होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कानून में यह दोनों संशोधन जनकल्याण की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश, कोरोना जैसी गंभीर समस्या को अवसर में बदलने में सफल रहा है।

# केन्द्रीय परियोजनाओं के कार्यों को तेजी के साथ पूरा किया जाए - सांसद श्री शेजवलकर

**ग्वालियर।** केन्द्रीय योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का कार्य तत्परता के साथ किया जाए ताकि आम लोगों को शासन की योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके। अमृत परियोजना के तहत ग्वालियर शहर में निर्मित की गई पेयजल टंकियों और ट्रीटमेंट प्लांट को तत्परता से चालू करें ताकि लोगों को पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने गुरूवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में यह निर्देश दिए हैं। बैठक में विकास के अनेक कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई और अधिकारियों को कार्य की प्रगति को बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में विधायक ग्वालियर पूर्व श्री सतीश सिकरवार, विधायक डबरा श्री सुरेश राजे सहित विधायकगणों के प्रतिनिधि, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन, सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती जयति सिंह, अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने अमृत परियोजना की समीक्षा के दौरान कहा कि शहर में निर्मित पेयजल टंकियों से जल प्रदाय तथा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को तत्परता से चालू किया जाए ताकि लोगों को पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही अमृत परियोजना के तहत शहर में डाली जा रही सीवर लाईन और ट्रीटमेंट प्लांटों का कार्य भी शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही तिघरा से मोतीझील तक बिछाई जा रही पानी की लाईन की भी समीक्षा की गई। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि 168 योजनाओं की डीपीआर तैयार कर जिला जल एवं स्वच्छता मिशन से अनुमोदन उपरांत प्रशासनिक स्वीकृति हेतु भेजी गई है। इनमें से 139 योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इन स्वीकृत योजनाओं से 3 लाख 18 हजार 144 ग्रामवासी लाभान्वित होंगे। सांसद श्री शेजवलकर ने सभी योजनाओं का कार्य तत्परता से प्रारंभ करने के निर्देश दिए। सांसद श्री शेजवलकर ने नगर निगम ग्वालियर द्वारा आईएचएसडीपी योजना के तहत निर्मित किए गए आवासों में मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरेश नगर, सिंधियानगर में जिन लोगों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं उन सभी स्थानों पर मूलभूत सुविधाओं की स्थिति को और बेहतर किया जाए। बैठक में ग्रामीण क्षेत्र में किसानों को सिंचाई कार्य हेतु विद्युत कनेक्शन मिलने में दिक्कत होने की शिकायत प्राप्त होने पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर किसानों को विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही डबरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को किस्त न मिलने तथा अस्पताल की अव्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा होने पर डबरा में पृथक से बैठक आयोजित कर व्यवस्थाओं को ठीक कराने के निर्देश भी दिए गए।

# एक नजर

## अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण के लिये 31 मार्च तक आवेदन मान्य होंगे

**ग्वालियर।** स्कूल शिक्षा विभाग ने अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण का आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2021 कर दी है। माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध समस्त अशासकीय विद्यालय आगामी 31 मार्च तक मान्यता नवीनीकरण का ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। मान्यता नवीनीकरण शुल्क एकमुश्त या तीन किश्तों में 31 दिसंबर 2021 तक जमा किया जा सकेगा। राज्य शासन ने कोविड-19 संक्रमण और छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए यह निर्णय लिया है। इसके तहत मध्यप्रदेश माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शालाओं की मान्यता नियम, 2017 के अनुसार प्रचलित प्रक्रिया से छूट प्रदान करते हुए मान्यता नवीनीकरण को 31 मार्च 2022 तक की समयावधि के लिए मान्य किया गया है। इसके पूर्व ऑनलाइन आवेदन अपलोड करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2020 निर्धारित की गई थी जिसे बढ़ाकर 31 मार्च 2021 किया गया है। जिन अशासकीय विद्यालयों ने पूर्व के निर्देशों के अनुसार सशुल्क आवेदन किए थे और उनकी मान्यता नवीनीकृत की जा चुकी है, उसे यथावत मान्य किया गया है। जो अशासकीय विद्यालयों निर्धारित आवेदन एवं शुल्क जमा कर चुके हैं किंतु उनकी मान्यता का नवीनीकरण नहीं हुआ है, उन्हें पुनः शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। मान्यता नवीनीकरण के लिए निर्धारित शुल्क को 31 दिसंबर 2021 तक जमा किया जा सकेगा जिसमें सत्र 2020-21 और सत्र 2021-22 का शुल्क भी शामिल होगा।

## सार्वजनिक परिवहन में महिला सुरक्षा विषय पर कार्यशाला आज

**ग्वालियर।** परिवहन विभाग द्वारा सार्वजनिक परिवहन में महिला सुरक्षा चालक/परिचालकों के लिये प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में परिवहन आयुक्त श्री मुकेश जैन, अपर परिवहन आयुक्त श्री अरविंद सक्सेना, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी उपस्थित होंगे। भारतीय पर्यटन एवं प्रबंधन संस्थान में एक जनवरी को प्रातः 11 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आईजी पुलिस मुख्यालय भोपाल श्रीमती दीपिका सूरी अपना उदबोधन देंगीं।

## उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री कुशवाह 2 जनवरी तक होशंगाबाद जिले के प्रवास पर रहेंगे

**ग्वालियर।** उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण (स्वतंत्र प्रभार) एवं नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह होशंगाबाद जिले में तीन दिवसीय पर है। निर्धारित दौरा कार्यक्रम अनुसार राज्य मंत्री श्री कुशवाह गुरुवार 31 दिसम्बर को दोपहर में पचमढ़ी पहुंचे। राज्य मंत्री श्री कुशवाह नववर्ष के पहले दिन एक जनवरी 2021 को 11 बजे कृषक प्रशिक्षण केन्द्र प्रमुख उद्यान पचमढ़ी में आयोजित कृषक प्रशिक्षण कार्यकम में शामिल होंगे। दोहपर 1 बजे मटकुली नर्सरी का भ्रमण करेंगे। अपरान्ह 3 बजे मंत्री श्री कुशवाह पचमढ़ी से चूरना प्रस्थान करेंगे। राज्य मंत्री श्री कुशवाह 2 जनवरी 2021 को पूर्वान्ह 11 बजे चूरना से होशंगाबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। वे दोपहर 1 बजे भवानी कुंज (तवा) नर्सरी होशंगाबाद में आयोजित कृषक प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे और शाम 4 बजे होशंगाबाद से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने दी नये वर्ष की शुभकामनाएं

**ग्वालियर।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने नये वर्ष की शुभाकामनाएं दी हैं। श्री तोमर ने कहा है कि उम्मीद है कि नया वर्ष-2021 प्रदेशवासियों के जीवन में उत्साह और उमंग भरेगा। श्री तोमर ने बिजली उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि बिजली का सदुपयोग करें। घर या ऑफिस से वाहर जाएं तो बिजली जरूर बन्द करें।

## राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने दीं नूतन वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएँ

**ग्वालियर।** प्रदेश के उद्यानिकी व खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनायें एवं बधाई दी हैं। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि नूतन वर्ष सभी के जीवन में खुशहाली लेकर आए। श्री कुशवाह ने किसान भाईयों से आह्वान किया है कि वे उद्यानिकी फसलें भी अपनाएँ, जिससे उनकी आय में बढ़ोत्तरी हो। सरकार उद्यानिकी फसलों के लिये अनुदान मुहैया करायेगी।

## संभाग आयुक्त श्री सक्सेना द्वारा नव वर्ष की शुभकामनायें

**ग्वालियर।** संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने संभाग के सभी नागरिकों को नव वर्ष की शुभकामनायें व बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि विकास में सभी नागरिकों की सहभागिता हो। श्री सक्सेना ने संभाग के सभी जिलों में स्वच्छता के कार्य में सभी की सहभागिता बनी रहने की अपेक्षा भी की है।

## कलेक्टर श्री सिंह ने दीं नए साल की शुभकामनायें

**ग्वालियर।** कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सभी जिलेवासियों को नूतन वर्ष की शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में आग्रह किया है कि जिले की गौरवशाली परंपरा के अनुसार आगे भी सभी लोग आपसी भाईचारा बनाए रखकर जिले के विकास में योगदान देते रहें। श्री सिंह ने वैश्विक महामारी कोविड-19 के खिलाफ चल रही लड़ाई में बढ़-चढ़कर सहयोग देने की अपेक्षा भी जिलेवासियों से की है। साथ ही कहा है कि अपने जिले को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाने में हर नागरिक अपनी भूमिका का निर्वहन करे।







P TV NEWS INDIA — प्रतिभा हम निखारेंगे — PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे।

तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार

आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं

हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।

PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल

Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207

gmail - pushpanjalitoday@gmail.com

नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478